इसे वेबसाइट **www.govtpress.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 45] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 6 नवम्बर 2020—कार्तिक 15, शक 1942

भाग ४

विषय—सूची

(क)	(1) मध्यप्रदेश विधेयक,	(2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन	(3) संसद् में पुरःस्थापित विधेयक.
(ख)	(1) अध्यादेश	(2) मध्यप्रदेश अधिनियम,	(3) संसद् के अधिनियम.
(ग)	(1) प्रारूप नियम,	(2) अन्तिम नियम.	

भाग ४ (क)—कुछ नहीं

भाग ४ (ख)—कुछ नहीं

भाग ४ (ग)

अन्तिम नियम

राजस्व विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

क्र. एफ—2—6—2020—सात—शा—7.— भोपाल, दिनांक 3 नवम्बर 2020

मध्यप्रदेश भू—राजस्व संहिता, 1959 (क्रमांक 20 सन् 1959) की धारा 258 की उपधारा (2) के खण्ड (अडतीस), (उनतालीस), (चालीस), (बयालीस), (पैंतालीस), (बावन), (तिरपन), (पचपन), (साठ), (इकसठ), (बासठ), (पैसठ) तथा (छियासठ) एवं उपधारा (2 ख) के खण्ड (ठ) सहपठित उक्त संहिता की धारा 161, 165, 166, 170, 173, 176, 179, 221, 222, 223, 226, 228, 230, 239, 240, 241, 248, 249 तथा 251 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, इस विभाग की अधिसूचना कमांक 196—6477—सात—एन (नियम), दिनांक 6 जनवरी, 1960, अधिसूचना कमांक 197—6477—सात—एन (नियम), दिनांक 6

जनवरी, 1960, अधिसूचना कमांक 198–6477–सात–एन (नियम), दिनांक 6 जनवरी, 1960, अधिसूचना कमांक 388–सीआर–532–सात–एन (नियम), दिनांक 11 जनवरी, 1960, अधिसूचना कमांक 200–6477–सात–एन (नियम), दिनांक 6 जनवरी, 1960, अधिसूचना कमांक 208–6477–सात–एन (नियम), दिनांक 6 जनवरी, 1960, अधिसूचना कमांक 11343–सात–एन (नियम), दिनांक 1 अक्टूबर, 1959, अधिसूचना कमांक 209–6477–सात–एन (नियम), दिनांक 6 जनवरी, 1960, अधिसूचना कमांक 210–6477–सात–एन (नियम), दिनांक 6 जनवरी, 1960, अधिसूचना कमांक 211–6477–सात–एन (नियम), दिनांक 6 जनवरी, 1960, अधिसूचना कमांक 212–6477–सात–एन (नियम), दिनांक 6 जनवरी, 1960, अधिसूचना कमांक 216–6477–सात–एन (नियम), दिनांक 6 जनवरी, 1960, अधिसूचना कमांक एफ–2–39–04–सात–शा.6, दिनांक 26 नवम्बर, 2007, अधिसूचना कमांक 5262–3472–सात–एन–एक (नियम), दिनांक 28 सितम्बर, 1964, अधिसूचना क्रमांक एफ–2–39–04–सात–शा.–6 दिनांक 26 नवम्बर, 2007, अधिसूचना कमांक एफ 6–2–सात–एन–एक दिनांक 13 दिसम्बर, 1976, अधिसूचना कमांक 221–6477–सात–एन (नियम), दिनांक 6 जनवरी, 1960, अधिसूचना कमांक 223–6477–सात–एन (नियम), दिनांक 6 जनवरी, 1960 तथा अधिसूचना कमांक 367 दिनांक 26 फरवरी, 1960 को अतिष्ठित करते हुए, राज्य सरकार एतद्द्वारा, निम्नानुसार नियम बनाती है, जो उक्त संहिता की धारा 258 की उपधारा (3) द्वारा अपेक्षित किए गए अनुसार मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 25 सितम्बर, 2020 में पूर्व प्रकाशित किए जा चुके हैं, अर्थात्:–

नियम

मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (विविध) नियम, 2020

अध्याय–एक

नाम और परिभाषाएं

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.–** (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (विविध) नियम, 2020 है।

(2) ये नियम मध्यप्रदेश राजपत्र में उनके प्रकाशन के दिनांक से प्रवृत्त होंगे।

(3) इन नियमों में निम्नलिखित उपबंध अंतर्विष्ट हैं –

(क) धारा 173 के अधीन भूमिस्वामी द्वारा अधिकारों के त्यजन किए जाने का विनियमन;

(ख) उन निबन्धनों तथा शर्तों का विहित किया जाना जिन पर किसी व्यक्ति को धारा 176 की उपधारा (2) के अधीन किसी परित्यक्त खाते का कब्जा दिया जा सकेगा;

(ग) भू–राजस्व में ऐसी वृद्धि तथा कमी के निर्धारण का विनियमन जैसा कि अध्याय 15 के अधीन अपेक्षित या अनुज्ञात है;

(घ) धारा 165 के अधीन अंतरित की जाने वाली भूमि की अधिकतम सीमाओं का विहित किया जाना तथा उस रीति का विहित किया जाना जिसमें धारा 166 के अधीन समपहृत भूमि का चयन व सीमांकन किया जाएगा एवं अंतरिती के पास बच रही भूमि का भू–राजस्व नियत किया जाएगा;

(ङ) धारा 170 के अधीन किसी खाते का कब्जा दिलाए जाने संबंधी दावों को निपटाने की प्रक्रिया का विनियमन;

(च) धारा 258 की उपधारा 2–ख के खण्ड (ठ) के अधीन अर्जी लेखकों का अनुज्ञापन और उनके आचरण का विनियमन;

(छ) धारा 222 की उपधारा (1) के अधीन पटेलों की नियुक्ति का विनियमन, जहाँ किसी ग्राम में दो या अधिक पटेल हों वहाँ पटेल के पद के कर्तव्यों के वितरण की रीति, धारा 223 के अधीन पटेल के पारिश्रमिक का नियत किया जाना, धारा 226 के अधीन उसे पद से हटाया जाना तथा धारा 228 के अधीन प्रतिस्थानी पटेल का नियुक्त किया जाना;

(ज) धारा 230 के अधीन कोटवारों की नियुक्ति, दण्ड, निलम्बन तथा पदच्युति तथा कोटवारों के कर्तव्यों तथा पर्यवेक्षण के तरीकों का निर्धारण;

(झ) धारा 179 की उपधारा (2) के अधीन वृक्षों में के अधिकार क्रय करने हेतु आवेदनों के निपटारे के बारे में राजस्व अधिकारियों को मार्गदर्शन;

(ञ) धारा 239 की उपधारा (6) के अधीन प्रतिकर की संगणना की रीति;

(ट) धारा 240 की उपधारा (1) के अधीन वृक्षों के काटे जाने का तथा धारा 240 की उपधारा (3) के अधीन वनोत्पादों के नियंत्रण, प्रबंध, काटकर गिराए जाने या हटाए जाने का विनियमन;

(ठ) धारा 241 की उपधारा (1) के अधीन प्रकाशित आदेश को उद्घोषित करने की रीति का विहित किया जाना तथा उसके अधीन सरकारी वनों से इमारती लकड़ी की चोरी को रोकने के लिए वृक्षों को काटकर गिराए जाने अथवा हटाए जाने का विनियमन;

(ड) धारा 248 की उपधारा (2–ए) के अधीन भूमि पर अप्राधिकृत दखल या कब्जा चालू रखने के लिए किसी व्यक्ति को पकड़वाने तथा उसे सिविल कारागार में भेजने की प्रक्रिया;

(ढ) धारा 249 के अधीन मछली पकड़ने या ग्रामों में जीव जंतुओं को पकड़ने, उनका आखेट करने या उनको गोली मारने तथा राज्य सरकार की भूमि से किन्हीं पदार्थों को हटाने का विनियमन;

(ण) धारा 251 की उपधारा (6) के अधीन तालाबों से जल के उपयोग का विनियमन ; और

(त) धारा 221 के अधीन खातों की चकबंदी के लिए उपबंधों को कार्यान्वित करना।

2. परिभाषाएं. – (1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–

(क) "संहिता" से अभिप्रेत है मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 (क्रमांक 20 सन् 1959);

(ख) "प्ररूप" से अभिप्रेत है इन नियमों से संलग्न प्ररूप;

(ग) "ग्राम पंचायत" या "ग्राम सभा" से अभिप्रेत है मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994) के अधीन गठित क्रमशः ग्राम पंचायत या ग्रम सभा।

(घ) "अनुसूची" से अभिप्रेत है इन नियमों से संलग्न अनुसूची;

(ङ) "धारा" से अभिप्रेत है संहिता की धारा;

(च) "तहसीलदार" में अतिरिक्त तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार सम्मिलित हैं; और

(छ) "नगरीय स्थानीय प्राधिकारी" से अभिप्रेत है तत्समय प्रवृत्त तत्स्थाना विधि के अधीन स्थापित नगरपालिक निगम, नगरपालिका परिषद, नगर परिषद या विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण।

(2) उन शब्दों तथा अभिव्यक्तियों के, जो इन नियमों में प्रयुक्त हुए हैं किन्तु परिभाषित नहीं किए गए हैं और संहिता में परिभाषित किए गए हैं, वे ही अर्थ होंगे जो संहिता में उनके लिए क्रमशः दिए गए हैं।

अध्याय – दो

त्यजन, परित्याग, जलोढ़ तथा जल–प्लावन

भाग–क

भूमिस्वामी द्वारा अधिकारों का त्यजन

(धारा– 173)

3. त्यजन की सूचना.– धारा 173 के अंतर्गत भूमिस्वामी द्वारा तहसीलदार को दी जाने वाली त्यजन की सूचना **प्ररूप–एक** में होगी और दो साक्षियों द्वारा संपुष्ट होगी।

4. त्यजन की सूचना पर तहसीलदार द्वारा आदेश पारित किया जाना.– (1) तहसीलदार, ऐसी जाँच करने के पश्चात्, जैसी कि वह आवश्यक समझे या तो ऐसे त्यजन को स्वीकार कर सकेगा या उसके लिए कारण अभिलिखित करते हुए सूचना को अमान्य कर देगा।

(2) उस दशा में, जब कि त्यजन को स्वीकार कर लिया जाता है, तहसीलदार मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (दखलरहित भूमि, आबादी तथा वाजिब–उल–अर्ज) नियम, 2020 के उपबंधों के अनुसार उस भूमि को दखलरहित भूमि के रूप में दर्ज करवाएगा।

(3) खाते के केवल किसी भाग का त्यजन किए जाने की दशा में खाते का मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (भू–राजस्व का निर्धारण तथा पुनर्निर्धारण) नियम, 2018 के उपबंधों के अनुसार पुनर्निर्धारण किया जाएगा।

(4) तहसीलदार द्वारा पारित आदेश **प्ररूप–दो** में होगा। आदेश की एक प्रति संबंधित भूमिस्वामी को दी जाएगी, दूसरी प्रति यथास्थिति पटवारी अथवा नगर सर्वेक्षक को भेजी जाएगी जो सुसंगत भू–अभिलेखों में प्रविष्टियों को अद्यतन करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करेगा।

(5) यदि तहसीलदार की यह राय हो कि भूमि को धारा 237 के अधीन निस्तार अधिकारों के प्रयोग के लिए अथवा धारा 233–क के अधीन किसी लोक प्रयोजन के लिए पृथक् रखा जाना चाहिए तो वह आदेश की एक प्रति अपनी अनुशंसा के साथ उपखण्ड अधिकारी को भेजेगा जो अपनी रिपोर्ट के साथ उसे कलक्टर को प्रस्तुत करेगा।

5. त्यजन की हुई भूमि का निस्तार अथवा लोक प्रयोजन के लिए पृथक् रखा जाना.– नियम 4 के उपनियम (5) के अधीन रिपोर्ट प्राप्त होने पर कलक्टर मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (दखलरहित भूमि, आबादी तथा वाजिब–उल–अर्ज) नियम, 2020 के उपबंधों के अनुसार भूमि को धारा 237 के अधीन निस्तार अधिकारों के प्रयोग के लिए अथवा धारा 233–क के अधीन लोक प्रयोजन के लिए पृथक् रख सकेगा।

भाग–ख

वे निबंधन तथा शर्तें जिन पर किसी व्यक्ति को परित्यक्त खाते का कब्जा दिलाया जा सकेगा

[धारा 176 (2)]

6. परित्यक्त खाता वापस दिलाए जाने के लिए निबन्धन तथा शर्तें.– जब परित्यक्त खाते का हकदार कोई भूमिस्वामी या अन्य व्यक्ति धारा 176 की उपधारा (2) के अधीन उसका दावा करे तो निम्नलिखित निबंधनों तथा शर्तों पर वह भूमि उसे वापस लौटा दी जाएगी, अर्थात्:–

(क) यह कि उसने विनिर्दिष्ट दिनांक के पूर्व उस खाते से संबंधित भू–राजस्व के बकाया तथा अन्य शोध्य राशियों का, यदि कोई हों, भुगतान कर दिया हो;

स्पष्टीकरण – धारा 176 की उपधारा(1) के अधीन जिस व्यक्ति अथवा जिन व्यक्तियों को, भूमि पट्टे पर दी गई हो, उनसे प्राप्त राशि अथवा राशियाँ भू–राजस्व के बकाया में से मुजरा दे दी जाएंगी;

(ख) यह कि वह, धारा 176 की उपधारा (1) के अधीन तहसीलदार द्वारा जिस व्यक्ति को वह भूमि पट्टे पर दी गई हो, उसके आधिपत्य में बाधा नहीं डालेगा और उसे भूमि लौटाने के आदेश के दिन खड़ी हुई फसल को गाहने, काटने और हटा ले जाने देगा;

(ग) यह कि वह, आदेश के दिनांक के पश्चात् के आगामी कृषि वर्ष से भूमि का कब्जा ग्रहण करेगा; और

(घ) वह स्वयं खेती करने के लिए सहमत है।

भाग – ग

जलोढ़ तथा जल–प्लावन के कारण खाते का पुनर्निर्धारण

(धारा 204)

7. जलोढ़ तथा जल–प्लावन की रिपोर्ट.– (1) यथास्थिति, पटवारी अथवा नगर सर्वेक्षक का यह कर्तव्य होगा कि वह किसी खाते में जलोढ़ अथवा जल–प्लावन के कारण हुए आधे हेक्टर से अधिक परिवर्तन के मानचित्रों के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

(2) पटवारी की रिपोर्ट राजस्व निरीक्षक तथा तहसीलदार के माध्यम से उपखण्ड अधिकारी को प्रस्तुत की जाएगी। नगर सर्वेक्षक की रिपोर्ट तहसीलदार के माध्यम से उपखण्ड अधिकारी को प्रस्तुत की जाएगी।

(3) उपनियम (1) के अधीन रिपोर्ट प्रस्तुत करते समय पटवारी अथवा नगर सर्वेक्षक का यह कर्तव्य होगा कि वह इस बात की जाँच करे कि क्या किसी अन्य खाते में अथवा दखलरहित भूमि में भी तत्समान परिवर्तन हुआ है तथा वह जांच के परिणाम की सूचना उपनियम (2) में विहित रीति में उपखण्ड अधिकारी को देगा। यदि क्षेत्रफल का परिवर्तन किसी दूसरे ग्राम अथवा नगरीय क्षेत्र की भूमि को प्रभावित करता है तो यथास्थिति उस ग्राम अथवा नगरीय क्षेत्र के पटवारी अथवा नगर सर्वेक्षक को भी सूचित करेगा।

8. **खाते का पुनर्निर्धारण.**– उपखण्ड अधिकारी द्वारा ऐसे खाते का, जिसके क्षेत्रफल में जलोढ़ अथवा जल–प्लावन के कारण आधे हेक्टेयर से अधिक परिवर्तन हुआ हो, मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (भू–राजस्व का निर्धारण तथा पुनर्निर्धारण) नियम, 2018 के उपबंधों के अनुसार पुनर्निर्धारण किया जाएगा।

अध्याय – तीन

धारा 165 की उपधारा (4) तथा धारा 170 के उपबंधों के उल्लंघन में भूमि में के हित का अंतरण

भाग–क

अधिकतम सीमा से अधिक भूमि का समपहरण

(धारा 165 तथा 166)

9. अधिकतम सीमा.– धारा 165 की उपधारा (4) के खण्ड (क) के प्रयोजन के लिए अधिकतम सीमा भूमि का वह अधिकतम क्षेत्रफल है जिसे कि धारक मध्यप्रदेश कृषिक जोत उच्चतम सीमा अधिनियम, 1960 (क्रमांक 20 सन् 1960) के अधीन धारण करने का हकदार है।

10. अन्तरिती को सूचना.– (1) उपखण्ड अधिकारी की जानकारी में जैसे ही यह बात आती है कि भूमि का अंतरण धारा 165 की उपधारा (4) के खण्ड (क) के उपबंधों के उल्लंघन में किया गया है तो वह अंतरिती पर एक सूचना का निर्वाह करेगा कि अधिकतम सीमा से अधिक होने वाली भूमि का चयन ऐसी सूचना प्राप्त होने के नब्बे दिन के भीतर करे।

(2) यदि अंतरिती चयन करने में असफल रहे तो उपखण्ड अधिकारी यथासंभव क्षेत्रफल की निरंतरता और एकत्रता को ध्यान में रखते हुए स्वयं ऐसा चयन करेगा।

11. पूर्ण सर्वेक्षण संख्यांकों का चयन किया जाना.– चयन करते समय अधिकतम सीमा के ऊपर पूर्ण सर्वेक्षण संख्यांकों का चयन किया जाएगा। सर्वेक्षण संख्यांक का उप–विभाजन करने का आश्रय अधिकतम भूमि सीमा को पूरा करने के लिए केवल एक सर्वेक्षण संख्यांक में लिया जाएगा।

12. चयनित क्षेत्र का सीमांकन.– (1) चयनित खेतों की सूची प्राप्त होने पर अथवा उपखण्ड अधिकारी द्वारा खेतों का स्वयं चयन करने के पश्चात् यथास्थिती, उपखण्ड अधिकारी **प्ररूप–तीन** में ऐसे सर्वेक्षण संख्यांकों की सूची यथास्थिति ग्राम के पटवारी अथवा सेक्टर के नगर सर्वेक्षक को इस निदेश के साथ भेजेगा कि वह एक मास के भीतर उनका सीमांकन करे।

(2) पटवारी अथवा नगर सर्वेक्षक चयन किए गए खेतों का ऐसे दिनांक अथवा दिनांकों को, जिसकी कि पूर्व सूचना अंतरिती को दी जाएगी, सीमांकन करेगा। सीमांकन हो जाने के पश्चात् पटवारी अथवा नगर सर्वेक्षक उपखण्ड अधिकारी को पालन प्रतिवेदन भेजेगा।

13. अन्तरिती के खाते का पुनर्निर्धारण.– उपखण्ड अधिकारी द्वारा, अन्तरिती के पास समपहरण के पश्चात् बच रहे खाते पर निर्धारित भू–राजस्व का पुनर्निर्धारण मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (भू–राजस्व का निर्धारण तथा पुनर्निर्धारण) नियम, 2018 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

भाग–ख

धारा 170 के अधीन किसी खाते का कब्जा दिलाए जाने के लिए किए गए दावों के निपटारे की प्रक्रिया

(धारा 170)

14. कब्जे के लिए आवेदन.– धारा 170 की उपधारा (1) के अधीन दिए जाने वाले आवेदन के साथ नवीनतम जमाबन्दी अथवा अधिकार अभिलेख की सुसंगत प्रविष्टि का सार तथा उस विलेख या दस्तावेज की प्रति संलग्न की जाएगी जिसके अधीन कब्जे को अंतरित हो जाना अभिकथित किया गया है।

15. अंतरक को सूचना.– आवेदन प्राप्त होने पर उपखण्ड अधिकारी अंतरक (यदि वह आवेदक नहीं है) तथा अंतरिती को **प्ररूप–चार** में, उनसे यह कारण दर्शाने की अपेक्षा करते हुए सूचनाएं तामील करवाएगा कि अन्तरण को क्यों न अपास्त किया जाए।

16. उपखण्ड अधिकारी द्वारा जांच.– सुनवाई के लिए नियत दिनांक को अथवा उस दिनांक को जिस पर कि सुनवाई स्थगित की जाए, उपखण्ड अधिकारी पक्षकारों का परीक्षण करेगा तथा किन्हीं साक्षियों के, जिन्हें कि वे प्रस्तुत करें, बयान (कथन) अभिलिखित करने तथा ऐसी जांच करने के पश्चात् जैसी कि वह आवश्यक समझे, यह निष्कर्ष अभिलिखित करेगा कि क्या अंतरण, यथास्थिति धारा 165 की उपधारा (4) अथवा (6) के अनुसार था अथवा नहीं। यदि यह निष्कर्ष हो कि अंतरण धारा 165 की उपधारा (4) अथवा (6) के अनुसार था तो आवेदन को निरस्त किया जाएगा।

17. दावेदारों तथा लेनदारों को सूचना तथा उद्घोषणा.– (1) यदि उपखण्ड अधिकारी ने यह निष्कर्ष अभिलिखित किया है कि अंतरण धारा 165 की उपधारा (4) अथवा (6) के अनुसार नहीं था तो वह 6 सप्ताह से अनधिक के लिए कार्यवाहियों को स्थगित कर देगा और उन समस्त व्यक्तियों पर –

(क) जो उसे प्रथमदृष्ट्या आवेदनकर्ता के समान या उससे पूर्वतर अधिकार रखने वाले प्रतीत हों; और

(ख) जिनका अंतरणकर्ता उन शोध्यों के हेतु जो भूमि पर भार का निर्माण करते हों, ऋणी प्रतीत हों,

प्ररूप–पांच में सूचना तामील करवाएगा।

(2) उपखण्ड अधिकारी उसी समय एक उद्घोषणा जारी करवाएगा। उद्घोषणा **प्ररूप–छह** में होगी तथा उस ग्राम अथवा नगरीय क्षेत्र में, जिसमें और जिससे भूमि पर कृषि की जाती थी, प्रकाशित की जाएगी।

(3) उपखण्ड अधिकारी उसी समय तहसीलदार से भू–राजस्व के बकाया तथा अन्य शोध्यों के बारे में जो भूमि पर भार का निर्माण करते हों, राज्य सरकार के दावों का विवरण प्रस्तुत करने को कहेगा।

18. दावों तथा आपत्तियों को प्रस्तुत करने के लिए समय सीमा.– कब्जा दिलाने के या उन किन्हीं भी शोध्यों के लेखे जो भूमि पर भार का निर्माण करते हों, किसी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा जब तक कि वे नियम 17 के अधीन जारी सूचनाओं में तथा उद्घोषणा में विनिर्दिष्ट दिनांक को या उसके पूर्व प्रस्तुत नहीं किए गए हों।

19. उपखण्ड अधिकारी द्वारा दावों तथा आपत्तियों को विनिश्चित किया जाना.– (1) नियम 17 के अधीन जारी की गई सूचनाओं तथा उद्घोषणा में नियत दिनांक को अथवा उस किसी भी दिनांक को जिसके लिए सुनवाई स्थगित की जाए, उपखण्ड अधिकारी भूमि पर कब्जा दिलाने के आवेदनकर्ता के दावे पर की गई आपत्तियों पर विचार करेगा तथा अपने निष्कर्षों को अभिलिखित करेगा।

(2) यदि निष्कर्ष इस आशय का है कि आवेदनकर्ता या कोई अन्य व्यक्ति भूमि पर कब्जा दिलाए जाने का हकदार है तो उपखण्ड अधिकारी भू–राजस्व के बकाया या उन किन्हीं अन्य शोध्यों का जो भूमि पर भार का निर्माण करते हों, **प्ररूप–सात** में एक विवरण तैयार करेगा और उसे ऐसे व्यक्ति को सौंपेगा जो उनकी देयता की स्वीकार्यता के बारे में **प्ररूप–आठ** में कथन करेगा।

20. उपखण्ड अधिकारी द्वारा कब्जे के आदेश का दिया जाना.– यदि आवेदनकर्ता अथवा ऐसा व्यक्ति **प्ररूप–सात** में उल्लिखित बकाया अथवा शोध्यों का भुगतान करने के लिए सहमत हो जाता है तो उपखण्ड अधिकारी उसे कब्जा दिलाने का परिनिर्णय देने के लिए अग्रसर होगा। यदि कब्जे के लिए हकदार पाया गया व्यक्ति ऐसे बकाया का भुगतान करने के लिए सहमत नहीं होता है तो मामले को फाइल कर दिया जाएगा।

21. भू–अभिलेखों में प्रविष्टियों का संशोधन.– नियम 20 के अधीन पारित आदेश की एक प्रति तहसीलदार को भेजी जाएगी जो ग्राम अथवा क्षेत्र के पटवारी अथवा नगर सर्वेक्षक को ग्राम अथवा नगरीय क्षेत्र के भू–अभिलेखों में प्रविष्टियों में संशोधन करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश देगा।

अध्याय–चार

अर्जी–लेखक

धारा 258 की उप धारा (2–ख) का खण्ड (ठ) ,

22. अध्याय–चार के लिए परिभाषाएं.– इस अध्याय में, –

(क) "अनुज्ञप्ति" से अभिप्रेत है इस अध्याय के उपबंधों के अधीन दी गई अनुज्ञप्ति;

(ख) "अनुज्ञापन प्राधिकारी" से अभिप्रेत हैं उस जिले का कलक्टर जिसमें आवेदक अर्जी–लेखक के रूप में व्यवसाय करने की इच्छा रखता हो;

(ग) "अर्जी" से अभिप्रेत है, राजस्व न्यायालय अथवा राजस्व अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने के प्रयोजन से लिखा गया दस्तावेज और उसमें अपील अथवा पुनरीक्षण अथवा पुनर्विलोकन की अर्जी सम्मिलित है;

(घ) "अर्जी–लेखक" से अभिप्रेत है ऐसा व्यक्ति जिसे इन नियमों के अधीन अर्जियां लिखने की अनुज्ञप्ति दी गई हो;

(ड.) "अर्जी–लेखक के रूप में व्यवसाय करना" से अभिप्रेत है भाड़े पर अर्जियां लिखना और उसमें भाड़े पर एक अर्जी लिखना भी सम्मिलित है; और

(च) किसी अर्जी–लेखक को "राजस्व न्यायालय या राजस्व अधिकारी के समक्ष व्यवसाय करना" कहा जाएगा जब वह उस न्यायालय अथवा अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए अर्जियां लिखता हो।

23. अर्जी–लेखकों के लिए अनुज्ञप्ति का अपेक्षित होना.– कोई व्यक्ति अर्जी–लेखक के रूप में व्यवसाय नहीं करेगा जब तक कि उसे इन नियमों के अधीन सम्यक् रूप से अनुज्ञप्ति मंजूर नहीं की गई हों :

परन्तु–

(क) अब तक प्रभावशील किसी भी नियम के अधीन अनुज्ञप्ति प्राप्त कोई भी व्यक्ति इन नियमों के अधीन अनुज्ञप्ति प्राप्त समझा जाएगा; और

(ख) विधि व्यवसायी या उसके लिपिक को, उस किसी भी अर्जी के बारे में जो विधि व्यवसायी द्वारा या उसकी ओर से उसके लिपिक द्वारा उस राजस्व न्यायालय अथवा राजस्व अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए जाने हेतु, जिसके समक्ष व्यवसाय करने के लिए विधि व्यवसायी अर्ह हो, लिखी गई हो, अर्जी–लेखक के रूप में व्यवसाय करना नहीं समझा जाएगा:

परन्तु यह और कि जब अर्जी लिपिक द्वारा लिखी गई हो तो वह उसके नियोजन द्वारा हस्ताक्षरित की जाएगी ।

24. अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञप्तियों की संख्या का नियत किया जाना.– इन नियमों के अधीन प्रदान की जाने वाली अनुज्ञप्तियों की संख्या समय–समय पर अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा नियत संख्या के अनुसार होगी। इस प्रकार नियत संख्या से अधिक संख्या में कोई अनुज्ञप्ति प्रदान नहीं की जाएगी।

25. अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन का प्ररूप.– अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन **प्ररूप–नौ** में दिया जाएगा, जो आवेदनकर्ता द्वारा अनुज्ञापन प्राधिकारी को व्यक्तिशः प्रस्तुत किया जाएगा।

26. अनुज्ञप्ति के लिए निरर्हताएं.– उस व्यक्ति को कोई अनुज्ञप्ति प्रदान नहीं की जाएगी यदि–

(क) वह शासकीय सेवक हो; अथवा

(ख) वह किसी विधि व्यवसायी का कर्मचारी हो।

27. अनुज्ञप्ति का प्रदान किया जाना.– (1) अनुज्ञापन प्राधिकारी, इन नियमों के नियम 26 के अध्यधीन रहते हुए अपने विवेक का प्रयोग करते हुए उसका यह समाधान हो जाने पर कि –

(क) आवेदक ने अठारह वर्ष की आयु प्राप्त कर ली है;

(ख) आवेदक ने हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है ;

(ग) आवेदक का हस्तलेख सुवाच्य है ;

(घ) आवेदक को कम्प्यूटर वर्ड प्रोसेसिंग में पर्याप्त कुशलता प्राप्त है; और

(ङ) आवेदक अंगूठे और उँगलियों के स्पष्ट चिन्ह ले सकता है ;

आवेदक को **प्ररूप–दस** में अनुज्ञप्ति प्रदान कर सकेगा।

(2) उप नियम (1) के अधीन अनुज्ञप्ति प्रदान किए जाने में उन आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी जिनके पास कम्प्यूटर तथा एसेसरी हो।

28. स्थाई अनुज्ञप्ति का प्रदान किया जाना.– (1) अनुज्ञप्ति प्रथमतः उसके जारी किए जाने के दिनांक से एक वर्ष की कालावधि के लिए प्रदान की जाएगी।

(2) एक वर्ष की कालावधि के समाप्त हो जाने पर यदि अनुज्ञापन प्राधिकारी का यह समाधान हो जाता है कि अर्जी–लेखक–

(क) उस स्थान की शासकीय भाषा में जहां वह व्यवसाय करता है, स्पष्ट एवं संक्षिप्त अर्जी सुवाच्य हस्तलेख में लिखने में अथवा टाईप करने में सक्षम है; और

(ख) मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 (क्रमांक 20 सन् 1959), भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30), न्यायालय फीस अधिनियम, 1870 (1870 का 7) तथा भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (1899 का 2) के उपबंधों से, जहां तक अर्जी–लेखक के कर्तव्यों के दक्ष क्रियान्वयन के लिए इन अधिनियमों का ज्ञान आवश्यक है, परिचित है ;

तो वह स्थायी अनुज्ञप्ति प्रदान कर सकेगा। शब्द ''स्थायी'' को अनुज्ञप्ति पर अंकित किया जाएगा और अनुज्ञापन प्राधिकारी उसे आद्याक्षरित करेगा।

(3) यदि अर्जी–लेखक उप नियम (2) में यथा उपबंधित रूप में अनुज्ञापन प्राधिकारी का समाधान नहीं कर पाता है तो अनुज्ञापन प्राधिकारी उसकी अनुज्ञप्ति की कालावधि को और एक वर्ष के लिए बढ़ा सकेगा तथा द्वितीय वर्ष की समाप्ति पर उसका समाधान न कर पाने के कारण वह उसे स्थायी करने से मना कर सकेगा।

29. अनुज्ञप्ति की दूसरी प्रति का जारी किया जाना.– यदि कोई अनुज्ञप्ति खो गई है, नष्ट हो गई है, विकृत रूप हो गई है, फट गई है या अवाच्य हो गई है तो अनुज्ञप्ति धारक अनुज्ञप्ति की दूसरी प्रति प्रदान किए जाने के लिए अनुज्ञापन प्राधिकारी को तत्काल आवेदन करेगा। अनुज्ञप्ति की प्रत्येक दूसरी प्रति पर ''दूसरी प्रति'' की मुद्रा अंकित की जाएगी।

30. अर्जी–लेखकों का रजिस्टर.– अनुज्ञापन प्राधिकारी **प्ररूप–ग्यारह** में अर्जी–लेखकों का एक रजिस्टर रखेगा। प्रत्येक अर्जी–लेखक के लिए रजिस्टर का एक या अधिक पृष्ठ पृथक् रखे जाएंगे।

31. अर्जियों का रजिस्टर.– प्रत्येक अर्जी–लेखक **प्ररूप–बारह** में अर्जियों का एक रजिस्टर रखेगा तथा उसमें अपने द्वारा लिखित प्रत्येक अर्जी की प्रविष्टि करेगा तथा रजिस्टर को किसी भी राजस्व अधिकारी के निरीक्षण के लिए, जब वैसा करने की अपेक्षा की जाए, प्रस्तुत करेगा।

32. अर्जी–लेखक की प्राधिकृत मुद्रा.– प्रत्येक अर्जी–लेखक अपने स्वयं के व्यय पर अपने पास निम्नलिखित नमूने की प्राधिकृत मुद्रा रखेगा:–

राजस्व अर्जी–लेखक

नाम .....

अनुज्ञप्ति क्रमांक .....

जिला .....

33. अर्जियों का सादा एवं सरल भाषा में तैयार किया जाना.– प्रत्येक अर्जी–लेखक अर्जी लिखने में स्वयं को ऐसी सादा एवं सरल भाषा में जिसे अर्जीदार समझ सकता हो तथा संक्षिप्त एवं समुपयुक्त रूप में अर्जीदार के कथन एवं उद्देश्य व्यक्त करने तक सीमित रखेगा तथा किसी लॉ रिपोर्ट या अन्य विधि पुस्तक से किसी भी तर्क या उद्धरण को प्रविष्ट नहीं करेगा न अर्जीदार द्वारा उसे लक्षित नहीं कराए गए किसी भी विनिर्णय (रुलिंग) का हवाला देगा।

34. राजस्व अधिकारी के आदेश पर अर्जी का पुनः लिखा जाना.– कोई भी राजस्व अधिकारी अर्जी लेखक से उसके द्वारा लिखित उस किसी भी अर्जी को बिना अतिरिक्त पारिश्रमिक के पुनः लिखने का आदेश दे सकेगा जो नियम 33 का उल्लंघन करती हो या अवाच्य, अस्पष्ट या अत्यंत विस्तृत हो अथवा जिसमें कोई भी असंबद्ध विषय या मिथ्या उद्धरण हो अथवा किसी भी अन्य कारण से ऐसे अधिकारी के मत में अनौपचारिक या अन्यथा आपत्तिजनक हो। जब वैसा आदेश दिया जाए तो अर्जी–लेखक को स्वयं के व्यय पर ऐसी अर्जी को पुनः लिखना अनिवार्य होगा।

35. अर्जी–लेखक द्वारा प्रभारित की जाने वाली फीस.– (1) प्रत्येक अर्जी–लेखक अर्जी के प्रथम पृष्ठ के लिए दस रूपये तथा प्रत्येक पश्चात्वर्ती पृष्ठ के लिए पांच रूपये से अनधिक फीस प्रभारित करेगा और अर्जी पर तथा अर्जियों के रजिस्टर के समुपयुक्त कॉलमों में भी उसके द्वारा प्राप्त की गई वास्तविक धनराशि को लिखेगा।

(2) उपनियम (1) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी कलक्टर, समय–समय पर, अर्जी–लेखकों द्वारा अपने जिले में प्रभारित की जाने वाली फीस को पुनरीक्षित कर सकेगा।

(3) कोई भी अर्जी–लेखक उस किसी भी वाद के परिणाम में, जिसके संबंध में उसे सेवायोजित किया गया हो, हित के द्वारा अपनी सेवाओं का भुगतान प्राप्त नहीं करेगा न ही किसी भी वाद को चलाने में योजित निधि के मद्दे निधि उपलब्ध कराएगा या उसमें अंशदान देगा जिसमें वह अन्यथा व्यक्तिगत रूप से हितबद्ध न हो।

(4) प्रत्येक अर्जी–लेखक अर्जीदार को उसके द्वारा प्राप्त की गई धनराशि की रसीद देगा जिसमें धन किस हेतु प्राप्त किया गया था यह यथार्थतः निर्दिष्ट होगा, उदाहरणार्थ – लेखन शुल्क या व्यय और यदि व्यय हेतु धनराशि ली गई हो तो किन व्ययों के हेतु उदाहरणार्थ प्रकरण फीस/ इत्यादि। ब्यौरों को या तो स्वयं रसीद में या उससे संलग्न कागज के पृथक् खण्ड पर दर्शाया जाएगा।

36. अर्जी–लेखक द्वारा मुख्तारनामा स्वीकार न करना.– कोई भी अर्जी–लेखक उस प्रकरण से जिसमें वह स्वयं पक्षकार हो, भिन्न किसी भी प्रकरण के किसी राजस्व न्यायालय अथवा राजस्व अधिकारी के समक्ष संचालन के लिए किसी भी मुख्तारनामे को चाहे वह साधारण हो अथवा विशेष, स्वीकार नहीं करेगा।

37. अनुज्ञप्ति का समर्पण – प्रत्येक अर्जी–लेखक जो, –

(क) अर्जी–लेखक के रूप में व्यवसाय करना बन्द कर देता है;

(ख) सरकार की अथवा किसी विधि व्यवसायी की सेवा में चला जाता है; अथवा

(ग) जिसकी अनुज्ञप्ति रद्द कर दी गई हो,

अनुज्ञापन प्राधिकारी को अपनी अनुज्ञप्ति तत्काल समर्पित कर देगा।

38. उँगलियों की छाप लेने के उपकरण.– प्रत्येक अर्जी–लेखक स्वयं के व्यय पर अंगूठे तथा उँगलियों की स्पष्ट छाप लेने के उपकरणों का पूरा सेट अपने पास रखेगा।

39. अधिक प्रभारित फीस का लौटाया जाना.– कोई भी राजस्व अधिकारी जो अर्जी–लेखक को सेवायोजित करने वाले किसी भी व्यक्ति के अभ्यावेदन पर तथा ऐसे अर्जी–लेखक को सुनने के पश्चात् (यदि वह इस प्रकार सुने जाने की इच्छा करे) यह पाता है कि उसे प्रस्तुत की गई अर्जी के लेखन हेतु प्रभारित फीस अत्यधिक थी तो वह लिखित आदेश द्वारा ऐसी धनराशि को इतनी धनराशि तक घटा सकेगा जो परिस्थितियों और नियम 35 के अधीन उसे युक्तियुक्त व उचित प्रतीत हो तथा अर्जी–लेखक से ऐसी धनराशि से अधिक प्राप्त किए गए धन को प्रत्यर्पित करने की अपेक्षा कर सकेगा।

40. अनुज्ञप्ति का निलम्बन और निरस्तीकरण.– अनुज्ञापन प्राधिकारी किसी ऐसे अर्जी–लेखक की अनुज्ञप्ति को निलम्बित या निरस्त कर सकेगा, जो–

(क) किसी राजस्व अधिकारी के नियम 34 अथवा 39 के अधीन आदेश को युक्तियुक्त समय के भीतर क्रियान्वित नहीं करता है;

(ख) आदतन नियम 33 के प्रतिकूल अर्जियां लिखता हो अथवा उसमें असम्बद्ध या अनावश्यक या अनौपचारिक या अन्यथा आपत्तिजनक विषय लिखता हो;

(ग) अर्जी–लेखक के रूप में अपने कारबार के क्रम में अनादरपूर्ण, अपमानजनक या दुर्वचनयुक्त भाषा का उपयोग करता हो;

(घ) अर्जी–लेखक के कृत्यों के दक्षतापूर्ण निर्वहन में अक्षम पाया गया हो;

(ड़) अर्जी–लेखक के रूप में अपने कर्तव्य पालन में किसी भी कपटपूर्ण या अनुचित आचरण के कारण उस रूप में व्यवसाय करने के लिए अयोग्य पाया गया हो;

(च) दाण्डिक अपराध का दोषसिद्ध हो; या

(छ) न्यायालय के कार्य के घंटों के दौरान आदतन अनुपस्थित रहता हो अथवा बिना पर्याप्त कारण के बहुत अधिक कालावधि तक अपने निवास से अनुपस्थित हो:

परंतु अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा इस नियम के अधीन कोई आदेश तब तक पारित नहीं किया जाएगा जब तक उस व्यक्ति या अवहेलनाकारी अर्जी–लेखक को स्वयं के बचाव का अवसर न दे दिया गया हो।

अध्याय–पांच

ग्राम अधिकारी

भाग–क

पटेल की नियुक्ति, पारिश्रमिक, हटाया जाना तथा दण्ड (धारा 222, 223, 226, तथा धारा 228)

41. पटेल के रूप में नियुक्ति के लिए निरर्हताएं.– कोई व्यक्ति पटेल के पद हेतु पात्र नहीं होगा यदि वह,–

(एक) 21 वर्ष से कम का है;

(दो) सम्बन्धित ग्राम के भू–अभिलेखों में भूमिस्वामी के रूप में अभिलिखित नहीं है;

(तीन) उस दशा में जब पटेल की नियुक्ति,–

(क) किसी ऐसे ग्राम के लिए हो जो अधिवासित है और वह उसमें स्थायी रूप से नहीं रह रहा हो;

(ख) ग्रामों के किसी समूह के लिए हो और वह ऐसे ग्रामों में से किसी ग्राम में स्थायी रूप में नहीं रह रहा हो।

(चार) अनुन्मोचित दिवालिया है;

(पांच) अपनी वित्तीय स्थिति के कारण अयोग्य है;

(छह) पटेल के पद से पूर्व में हटाया जा चुका है;

(सात) नैतिक पतन को अभिग्रस्त करने वाले किसी अपराध का अथवा महिलाओं के विरुद्ध किसी अपराध का अथवा राज्य के विरुद्ध विध्वंसकारी गतिविधियों को अभिग्रस्त करने वाले किसी अपराध का दोषसिद्ध हुआ हो और ऐसी दोषसिद्धि को अपील या पुनरीक्षण में पलटा नहीं गया हो

(आठ) दुष्चरित्र है;

(नौ) पटेल के कर्तव्यों को प्रभावपूर्ण रूप से क्रियान्वित करने के लिए मानसिक अथवा शारीरिक रूप से अयोग्य है;

(दस) हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण न कर चुका हो; अथवा

(ग्यारह) भू–राजस्व अथवा अन्य सार्वजनिक देयों के भुगतान में जानबूझकर चूक कर रहा हो अथवा चूक कर चुका हो।

42. पटेल का नियुक्ति प्राधिकारी.– जब किसी ग्राम के पटेल की नियुक्ति की जाना हो तो कलक्टर एक या अधिक अर्ह व्यक्तियों को यथास्थिति पटेल या पटेलों के रूप में एतस्मिनपश्चात् अंतर्विष्ट नियमों के अनुसार नियुक्त करेगा।

43. पटेल की नियुक्ति की प्रक्रिया.– (1) पटेल के पद में कोई रिक्ति होने की दशा में वह ग्राम सभा जिसके क्षेत्र में पटेल का पद रिक्त है, किसी ऐसे व्यक्ति के नाम की, जो नियम 41 में विनिर्दिष्ट निरर्हताओं में से किसी निरर्हता से ग्रस्त नहीं हो तथा जिसे वह पटेल के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए उपयुक्त समझती हो, सिफारिश करते हुए एक संकल्प पारित करेगी और इस संकल्प को तहसीलदार को भेजेगी।

(2) उस दशा में जहां कि तहसीलदार यह पाता है कि ऐसा व्यक्ति नियम 41 में विनिर्दिष्ट निरर्हताओं में से किसी निरर्हता से ग्रस्त है तो वह कारणों को लिखित में अभिलिखित करते हुए संकल्प को निरस्त कर देगा तथा ग्राम सभा को सूचित करेगा और नए प्रस्ताव मंगवाएगा, अन्यथा वह उस व्यक्ति की उपयुक्तता के संबंध में, जिसके कि नाम की सिफारिश ग्राम सभा द्वारा की गई है, ऐसी जांच करेगा जैसी कि वह उचित समझे और कलक्टर को अपनी रिपोर्ट भेजेगा।

(3) उपनियम (2) के अधीन रिपोर्ट प्राप्त होने पर कलक्टर या तो ग्राम सभा द्वारा पटेल के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए सिफारिश किए गए व्यक्ति का चयन करेगा अथवा लिखित में अभिलिखित किए जाने वाले कारणों से ग्राम सभा की सिफारिश को निरस्त कर देगा और उससे फिर से नई सिफारिश करने को कहेगा।

(4) ऐसे मामले में जहाँ ग्रामों के समूह के लिए पटेल की नियुक्ति की जाना है, संबंधित ग्रामों की सभी ग्राम सभाओं के लिए उप नियम (1) तथा (2) की प्रकिया का अनुसरण किया जाएगा। कलक्टर सभी ग्राम सभाओं द्वारा की गई सिफारिशों को विचार में लेने के उपरांत या तो किसी एक ग्राम सभा द्वारा सिफारिश किए गए व्यक्ति का चयन करेगा या कारणों को लिखित में अभिलिखित करते हुए सभी सिफारिशों को निरस्त कर सकेगा और ग्राम सभाओं से नए सिरे से सिफारिशें मंगा सकेगा।

44. चयनित व्यक्ति द्वारा बंधपत्र का निष्पादित किया जाना.– कलक्टर द्वारा पटेल के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए चयन किया गया प्रत्येक व्यक्ति, जब तक कि उसे विशेष रूप से छूट प्रदान न की गई हो, अपनी नियुक्ति के पूर्व उसके चयन की सूचना के दिनांक से 15 दिन के भीतर **प्ररूप–तेरह** में एक प्रतिभूति राहित पांच हजार रूपये की राशि का बन्धपत्र निष्पादित करेगा।

45. नियुक्ति होने पर पटेल द्वारा अनुबंध निष्पादित किया जाना.– अपनी नियुक्ति हो जाने पर प्रत्येक पटेल को उसकी नियुक्ति के 30 दिन के भीतर **प्ररूप–चौदह** में एक अनुबंध निष्पादित करना होगा जिसमें असफल रहने पर कलक्टर नियुक्ति निरस्त कर सकेगा।

46. रिक्तियों का अस्थायी रूप से भरा जाना.– इन नियमों के अनुसार पटेल की नियुक्ति होने तक कलक्टर अस्थायी रूप से नामनिर्देशन द्वारा रिक्तियों को भर सकेगा।

47. अस्थायी पटेल द्वारा बन्धपत्र तथा अनुबन्ध का निष्पादित किया जाना.– नियम 46 के अधीन अस्थायी रूप से नियुक्त व्यक्ति से भी **प्ररूप – तेरह** में एक प्रतिभूति सहित बंधपत्र तथा **प्ररूप–चौदह** में अनुबन्ध निष्पादित करने की अपेक्षा की जाएगी।

48. जब एक से अधिक पटेल नियुक्त हों तो कार्य का वितरण.– उन मामलों में जहां किसी ग्राम में दो या अधिक पटेल हों तो कलक्टर,–

(एक) सम्बन्धित व्यक्तियों की क्षमताओं का;

(दो) कर्तव्यों के प्रभावी निर्वहन का; और

(तीन) ग्राम समुदाय की सामान्य सुरक्षा, कल्याण और प्रगति का,

सम्यक् ध्यान रखते हुए उनके बीच पटेल के पद के कर्तव्यों का वितरण कर सकेगा।

49. पटेल को पारिश्रमिक.– पटेल को उन दरों से पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा जो राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर नियत की जाएं :

परन्तु उस समय तक जब तक कि राज्य सरकार द्वारा ऐसी दरें नियत की जाती हैं, इन नियमों के प्रवृत्त होने के समय प्रचलित दरों से पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा।

50. पटेल का हटाया जाना.– (1) पटेल को किसी भी समय हटाने की कलक्टर की शक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना किसी पटेल को कलक्टर द्वारा स्व–प्रेरणा से अथवा निम्नलिखित में से किसी भी आधार पर रिपोर्ट प्राप्त होने पर उसके पद से हटाया जा सकेगा,–

(क) यह कि वह दुष्चरित्र है;

(ख) यह कि वह अपने पद के कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए शरीर या मस्तिष्क की दुर्बलता के कारण अयोग्य है;

(ग) यह कि उसे सक्षम न्यायालय द्वारा दिवालिया अभिनिर्णीत किया गया है अथवा वह राज्य के विरुद्ध विध्वंसकारी गतिविधियां अथवा नैतिक पतन अभिग्रस्त करने वाले किसी अपराध का अथवा महिलाओं के विरुद्ध किसी अपराध का दोषसिद्ध है;

(घ) आदेशों का अपालन अथवा कर्तव्यों की उपेक्षा;

(ङ) किसी भी नियम का स्वेच्छापूर्वक भंग या अक्षमता अथवा अन्य किसी भी कारण से जो उचित और पर्याप्त समझा जाए;

(च) यदि वह,–

(एक) किसी ऐसे ग्राम का पटेल है जो अधिवासित ग्राम है जिसमें रहना उसने स्थायी रूप से बंद कर दिया है;

(दो) ग्रामों के समूह के लिए पटेल है और उसने ऐसे ग्रामों में से किसी भी ग्राम में रहना स्थायी रूप से बंद कर दिया है;

(छ) ग्राम में अथवा उन ग्रामों में से किसी भी ग्राम में, जिनका कि वह पटेल नियुक्त किया गया है स्थायी रूप से रहने में असफल रहने पर।

(2) किसी भी पटेल को तब तक नहीं हटाया जाएगा जब तक कि उसे इस प्रकार हटाए जाने के विरुद्ध कारण बताने का अवसर न दे दिया गया हो।

51. पटेल का निलम्बन.– यदि नियम 50 के उपनियम (1) के अधीन पटेल को हटाए जाने के औचित्य की जांच के प्रयोजन के लिए उसे निलम्बित किया जाना आवश्यक समझा जाए तो कलक्टर उस निमित्त आदेश द्वारा वैसा कर सकेगा।

52. निलम्बन अवधि के लिए पारिश्रमिक का भुगतान.– यदि कलक्टर ऐसी जांच के पश्चात् निर्धारित करता है कि पटेल को हटाया नहीं जाएगा तो पटेल को पारिश्रमिक के रूप में उतनी धनराशि से अनधिक धनराशि का, जो कि उस निमित्त कलक्टर द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए, भुगतान किया जाएगा जो वह यदि उसका निलम्बन नहीं होता तो पारिश्रमिक के रूप में अर्जित करता।

53. पटेल की सेवाओं की समाप्ति.– कलक्टर किसी भी समय पटेल को बिना कोई कारण बतलाए एक मास की सूचना देने के पश्चात् हटा सकेगा।

54. पटेल द्वारा त्याग पत्र.– पटेल तहसीलदार को एक मास की पूर्व सूचना देकर अपने पद से त्यागपत्र दे सकेगा जो उसकी टिप्पणी के साथ आवश्यक कार्रवाई के लिए कलक्टर को अग्रेषित किया जाएगा।

55. प्रतिस्थानी पटेल की नियुक्ति.– धारा 228 के अधीन प्रतिस्थानी पटेल की नियुक्ति करते समय कलक्टर उस व्यक्ति का चयन करेगा जिसमें नियम 41 में विनिर्दिष्ट निरर्हताओं में से कोई निरर्हता न हो और जो ग्रामवासियों को भी स्वीकार्य हो सकता हो। वह विद्यमान पदधारी की इच्छाओं को भी ध्यान में रखेगा।

भाग–ख

कोटवार की नियुक्ति, कर्तव्य, दण्ड, निलम्बन तथा उसे पद से हटाया जाना

(धारा 230)

56. किसी ग्राम में कोटवारों की संख्या.– (1) उन कोटवारों की संख्या जो किसी ग्राम में पद धारण करेंगे, इन नियमों के प्रवृत्त होने के समय स्वीकृत संख्या के बराबर होगी।

(2) यदि किसी ग्राम में अधिक कोटवार पद धारण कर रहे हों तो उनमें से किसी की मृत्यु, पदच्युति, सेवा समाप्ति अथवा त्यागपत्र के कारण हुई किसी रिक्ति को भविष्य में भरा नहीं जाएगा और उस ग्राम के लिए स्वीकृत कोटवारों की संख्या कम होती जाएगी जब तक ऐसी संख्या एक हो जाए।

(3) किसी ग्राम के लिए स्वीकृत कोटवारों की संख्या कलक्टर द्वारा राज्य सरकार की पूर्व मंजूरी से परिवर्तित की जा सकेगी।

57. कोटवार के पद पर नियुक्ति के लिए निरर्हताएं.– कोई व्यक्ति कोटवार के पद हेतु पात्र नहीं होगा जो,–

(एक) उस ग्राम अथवा ग्रामों में स्थायी रूप से निवास नहीं कर रहा हो जिसके लिए वह नियुक्त किया गया है;

(दो) 18 वर्ष से कम आयु का है;

(तीन) नैतिक पतन को अभिग्रस्त करने वाले किसी अपराध का अथवा महिलाओं के विरुद्ध किसी अपराध का अथवा राज्य के विरुद्ध विध्वंसकारी गतिविधियों को अभिग्रस्त करने वाले किसी अपराध का दोषसिद्ध हुआ हो और ऐसी दोषसिद्धि को अपील या पुनरीक्षण में पलटा नहीं गया हो;

(चार) दुष्चरित्र हो;

(पांच) कोटवार के कर्तव्यों का प्रभावी ढंग से पालन करने के लिए मानसिक अथवा शारीरिक रूप से अयोग्य है; या

(छह) आठवीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण न हो।

58. कोटवार का नियुक्ति प्राधिकारी.– कोटवार की नियुक्ति इन नियमों के इस भाग के उपबंधों के अनुसार तहसीलदार द्वारा की जाएगी।

59. कोटवार की नियुक्ति की प्रक्रिया.– (1) नियम 56 के अध्यधीन रहते हुए, कोटवार के पद में रिक्ति होने पर, ग्राम सभा उस व्यक्ति के नाम की सिफारिश करते हुए जिसे कि वह कोटवार के रूप में नियुक्ति किए जाने के लिए उपयुक्त समझे, एक संकल्प पारित करेगी और उस संकल्प को तहसीलदार को भेजेगी।

(2) तहसीलदार ग्राम सभा द्वारा सिफारिश किए गए व्यक्ति को कोटवार के रूप में नियुक्त करेगा तथापि, यदि तहसीलदार यह पाता है कि ऐसे व्यक्ति में नियम 57 में विनिर्दिष्ट निरर्हताओं में से कोई निरर्हता है तो वह कारणों को लिखित में अभिलिखित करते हुए संकल्प को निरस्त कर देगा और ग्राम सभा को सूचित करेगा तथा नए प्रस्ताव मंगवाएगा।

(3) कोई रिक्ति होने पर तहसीलदार तत्काल किसी उपयुक्त व्यक्ति को उपनियम (2) के अधीन नियमित नियुक्ति हो जाने तक कोटवार के पद के कर्तव्यों का पालन करने के लिए अस्थायी रूप से नियुक्त कर सकेगा।

(4) उपनियम (1) अथवा (2) के अधीन कोटवार की नियुक्ति करने में पूर्व के कोटवार के निकट संबंधियों को, अन्य बातें समान होने पर अग्रमान्यता दी जाएगी।

(5) यदि रिक्ति पूर्व पदधारी के दुष्चरित्र, अवचार या अवज्ञा के कारण निलम्बन या पदच्युति द्वारा हुई है और यदि उसके परिवार के किसी सदस्य को उसकी जगह नियुक्त किया जाता है तो पदच्युति का प्रभाव नष्ट हो जाएगा तो ऐसी दशा में पूर्व पदधारी के संबंधियों को नियुक्त नहीं किया जाएगा।

(6) तहसीलदार कोटवार को एक से अधिक ग्रामों का प्रभार दे सकेगा।

60. कोटवार का निलम्बन अथवा पदच्युति अथवा जुर्माने का अधिरोपित किया जाना.– (1) तहसीलदार किसी कोटवार पर जुर्माना लगा सकेगा, उसे निलम्बित कर सकेगा अथवा पदच्युत कर सकेगा, यदि वह–

(एक) दुष्चरित्र है, किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधियों में भाग लेता है; या ऐसी रीति में काम करता है जो तहसीलदार की राय में लोक हित में नहीं है;

(दो) अपने कर्तव्यों की उपेक्षा करता है;

(तीन) किसी राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, पटवारी अथवा पुलिस स्टेशन के स्टेशन हाउस अधिकारी के आदेश की अवज्ञा करता है; या

(चार) किसी नियम को स्वेच्छापूर्वक भंग करता है:

परंतु किसी एक समय पर अधिरोपित जुर्माने की राशि एक हजार रूपये से अधिक नहीं होगी।

(2) किसी कोटवार के विरुद्ध पुलिस द्वारा की गई प्रत्येक रिपोर्ट पर की गई कार्रवाई से पुलिस को तत्काल सूचित किया जाएगा।।

61. कोटवार की सेवाओं की समाप्ति.— तहसीलदार किसी कोटवार की सेवाएं समाप्त कर सकता है जब भी वह आयु, मानसिक अथवा शारीरिक निर्बलता के कारण अपने कर्तव्यों का पालन करने के योग्य नहीं रह जाता है।

62. कोटवार को अनुपस्थित रहने की अनुमति.— ग्राम का भारसाधक पटवारी ग्राम कोटवार को एक बार में 3 दिन में अनधिक की कालावधि के लिए अनुपस्थित रहने की अनुमति दे सकता है और यह देखने के लिए उत्तरदायी होगा कि उसकी अनुपस्थिति के दौरान ग्राम कोटवार के कर्तव्यों की उपेक्षा तो नहीं हो रही है। एक बार में 3 दिन से अधिक की छुट्टी के लिए तहसीलदार की स्वीकृति प्राप्त की जाएगी और यदि आवश्यक हो तो स्थानापन्न की नियुक्ति की जाएगी:

परंतु पटवारी कोटवार को एक कैलेण्डर वर्ष में कुल मिलाकर 15 दिन से अधिक की अवधि की छुट्टी देने के लिए सक्षम नहीं होगा:

परंतु यह और कि 3 दिन से अधिक की छुट्टी दिए जाने के मामले में तहसीलदार छुट्टी प्रदान किए जाने के पूर्व कोटवार से उसके स्वयं के व्यय पर कोई योग्य स्थानापन्न देने की अपेक्षा कर सकेगा।

63. कोटवार के कर्तव्य.— कोटवार के निम्नलिखित कर्तव्य होंगे—

(एक) अपने ग्राम में निवास करना अथवा यदि वह एक से अधिक ग्रामों का प्रभारी है तो ऐसे ग्राम में रहना जो तहसीलदार द्वारा उसके निवास के लिए नियत किया गया हो तथा समुचित छुट्टी के बिना अनुपस्थित न रहना सिवाय तब के जब ऐसी अनुपस्थिति इन नियमों द्वारा या इनके अधीन उस पर अधिरोपित कर्तव्यों में से किसी कर्तव्य का पालन करने के लिए हो;

(दो) समस्त शासकीय अधिकारियों को उनके पदीय कर्तव्यों के सम्यक् कियान्वयन में सहायता करना;

(तीन) निस्तार अधिकारों अथवा शासकीय सम्पत्ति के दुरुपयोग तथा ग्राम की सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण की पटवारी को रिपोर्ट देना तथा उनकी रक्षा व नियमानुसार उपयोग में पटवारी की सहायता करना;

(चार) ग्रामवासियों के गृहों एवम् सम्पत्ति की चौकसी तथा देखरेख करना, उस प्रयोजन के लिए ऐसा पहरा देना जो तहसीलदार द्वारा विहित किया जाए;

(पांच) भारतीय दण्ड संहिता, 1860 (1860 का 45) की धारा 97 के अनुसार व्यक्ति या सम्पत्ति की निजी प्रतिरक्षा में तथा इस धारा के अधीन या दण्ड प्रकिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की धारा 43 के अधीन बन्दी किए जाने के भागी किसी भी व्यक्ति को बन्दी बनाने और थाने या हल्के की चौकी पहुंचाने में सहायता करना;

(छह) पुलिस थाने अथवा पुलिस चौकी के प्रभारी अधिकारी को निम्नलिखित बातों की तत्काल रिपोर्ट करना–

(क) ग्राम के अंतर्गत चोरी की सम्पत्ति के किसी भी कुख्यात प्रापक या विक्रेता का स्थायी या अस्थायी निवास;

(ख) ऐसे किसी भी व्यक्ति का जिसका कि डकैत, दोषसिद्ध भगोड़ा अथवा उद्घोषित अपराधी होने का उसे ज्ञान है अथवा युक्तियुक्त संदेह है, ग्राम के अंतर्गत किसी स्थान पर प्रश्रय लेने के अथवा उसमें से होकर जाने का तथा उसके ग्राम में या उसके आस पास घूमने वाले गिरोहों की गतिविधियां;

(ग) ग्राम में अथवा उसके आस पास किसी जघन्य अपराध का किया जाना अथवा उसके किए जाने का आशय;

(घ) किसी भी ऐसे दोषसिद्ध या अदोषसिद्ध संदिग्ध का, जिसका नाम पुलिस सन्निरीक्षण रजिस्टर में प्रविष्ट किया गया है, घर से चला जाना उसके गंतव्य सहित (यदि ज्ञात हो);

(ड.) किसी संदेहास्पद अजनबी का उसके ग्राम में दिखाई देना ऐसी किसी भी जानकारी के साथ जो उसके पूर्ववृत्त तथा निवास स्थान के बारे में पूछताछ करने पर प्राप्त की जा सके;

(च) ग्राम में या उसके समीप हुई कोई भी आकस्मिक या अप्राकृतिक मृत्यु या संदेहास्पद परिस्थितियों में हुई मृत्यु की कोई भी घटना;

(छ) विधि व्यवस्था के बनाए रखने अथवा अपराध की रोक अथवा जन या धन की सुरक्षा को प्रभावित करने की संभावना वाला वह कोई अन्य विषय जिसके बारे में जिला दण्डाधिकारी ने राज्य सरकार की पूर्व अनुमति से की गई व्यापक या विशेष आज्ञा द्वारा उसे सूचना पहुंचाने का निदेश दिया हो;

(सात) पटवारी या उनकी अनुपस्थिति में तहसीलदार को टिड्डियों या फसल नाशक कीटों के दिखाई देने अथवा बाढ़, ओला, रोली या आग इत्यादि से फसलों की किसी भी विस्तृत हानि की रिपोर्ट करना;

(आठ) यदि कलक्टर द्वारा वैसा करने का निदेश दिया गया हो तो पटवारी को ग्राम पशुओं की रोग या विष या अन्य वन्य जीवों के आक्रमण से हुई मृत्युओं की रिपोर्ट करना;

(नौ) पुलिस थाने अथवा पुलिस चौकी पर ऐसे दिनांकों पर उपस्थित होना जो कलक्टर द्वारा विहित किए जाएं तथा ऐसे पुलिस थाने अथवा पुलिस चौकी के प्रभारी अधिकारी की समस्त आज्ञाओं का पालन करना;

(दस) समीपतम रेल्वे स्टेशन के स्टेशन मास्टर या समीपतम रेल्वे स्टेशन पर उपलब्ध रेल्वे कर्मचारी वर्ग के किसी भी उत्तरदायी कर्मचारी को भारी वर्षा, अनपेक्षित भारी बाढ़, जल संग्रहों का उमड़ना, सिंचन निर्माणों का क्षतिग्रस्त होना, पुलों में से अत्यंत भारी बहाव, धारा के ऊपरी ओर पानी का अवरोध आदि जैसी किन्हीं भी असाधारण घटनाओं अथवा रेलमार्ग को हानि पहुंचा सकने वाले किसी भी अन्य प्रकार के संकट की तत्परतापूर्वक रिपोर्ट देना।

64. कोटवारों का संयुक्त रूप से अथवा पृथक्–पृथक् उत्तरदायी होना.– जब किसी ग्राम में दो या दो से अधिक कोटवार हों तो वे इन नियमों द्वारा अधिकथित कर्तव्यों का पालन करने के लिए जब तक संयुक्त रूप से तथा पृथक्–पृथक उत्तरदायी होंगे जब तक कि कलक्टर द्वारा प्रत्येक कोटवार के उत्तरदायित्वों की सीमा को परिभाषित नहीं कर दिया जाता।

अध्याय–6

वृक्ष

भाग–क

वृक्षों में अधिकार का क्रय

धारा 179 (2),

65. वृक्षों में अधिकार कय करने के लिए भूमिस्वामी द्वारा आवेदन.– धारा 179 की उपधारा (2) के अंतर्गत किसी भूमिस्वामी के आवेदन पत्र में वृक्षों की संख्या तथा उनकी प्रजातियां, वह अधिकार जिसमें वह उन्हें कय करना चाहता है तथा उस व्यक्ति का नाम जिसमें वह अधिकार निहित है, निर्दिष्ट किए जाएंगे। उसके साथ खाते से सम्बद्ध खसरा (क्षेत्र पुस्तक) की प्रतिलिपि अथवा उन वृक्षों में विद्यमान अधिकारों को दिखाने वाली किसी अन्य लिखतम के उदाहरण की प्रतिलिपि संलग्न होगी।

66. तहसीलदार द्वारा सूचना तथा उद्घोषणा का जारी किया जाना.– (1) ऐसा आवेदन प्राप्त होने पर तहसीलदार उन सभी व्यक्तियों को जिनमें उन वृक्षों का अधिकार निहित है सूचना जारी करेगा। वह ऐसे अधिकारों के प्रस्तावित कय के विरूद्ध आपत्तियां, यदि कोई हों, आमंत्रित करते हुए **प्ररूप–पन्द्रह** में एक उद्घोषणा जारी करेगा।

(2) मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, (राजस्व न्यायालयों की प्रकिया) नियम, 2019 के भाग–दो के उपबंधों के अनुसार ऐसी सूचनाएं जारी की जाएंगी व तामील करवाई जाएंगी तथा ऐसी उद्घोषणा जारी की जाएगी।

67. आदेश का पारित किया जाना तथा भू अभिलेखों में प्रविष्टि.– (1) सुनवाई के लिए नियत दिनांक या किसी अन्य दिनांक पर जिसके लिए सुनवाई स्थगित की जाए, तहसीलदार, पक्षकारों का परीक्षण करने तथा प्रस्तुत किए गए अन्य साक्ष्य को सुनने के पश्चात् एक आदेश अभिलिखित करेगा, जिसमें समाविष्ट होंगे,–

(क) वृक्षों की संख्या तथा वर्णन;

(ख) अधिकारों का मूल्य; तथा

(ग) वह कालावधि, जो एक मास से कम की नहीं होगी जिसमें इस प्रकार नियत किए गए मूल्य का भुगतान किया जाएगा और वह व्यक्ति जिसे भूमिस्वामी द्वारा इसका भुगतान किया जाएगा।

(2) यदि नियत दिनांक को भूमिस्वामी धनराशि का भुगतान कर देता है या ऐसे भुगतान की रसीद प्रस्तुत कर देता है तो तहसीलदार भू–अभिलेखों को अद्यतन करवाएगा अन्यथा यह माना जाएगा कि वह ऐसे अधिकारों को कय नहीं करना चाहता और आवेदन फाईल कर दिया जाएगा।

भाग–ख

वृक्षारोपण अनुज्ञापत्र या वृक्ष पट्टे के धारक को प्रतिकर

[धारा 239 (6)]

68. उपभोक्ता संस्था की परिभाषा.– (1) इस भाग में पद ''उपभोक्ता संस्था'' से अभिप्रेत है और उसमें सम्मिलित है–

(क) राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार का कोई विभाग अथवा उसके स्वामित्व का अथवा उसके द्वारा नियंत्रित कोई संगठन;

(ख) कोई स्थानीय प्राधिकारी अथवा उसके स्वामित्व का अथवा उसके द्वारा नियंत्रित कोई संगठन;

(ग) पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के अधीन स्थापित कोई संगठन; और

(घ) लोक प्रयोजन के लिए कार्य कर रहा कोई ऐसा निजी संगठन;

जिसे धारा 239 की उपधारा (6) के अधीन किसी लोक प्रयोजन के लिए भूमि का उपयोग करने की अनुज्ञा दी गई हो।

(2) उपनियम (1) में प्रयुक्त पद ''स्थानीय प्राधिकारी'' से अभिप्रेत है तत्समय प्रवृत्त किसी तत्स्थानी विधि के अधीन स्थापित कोई नगरपालिक निगम, नगरपालिका परिषद, नगर परिषद या विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण अथवा कोई जिला पंचायत, जनपद पंचायत या ग्राम पंचायत।

69. प्रतिकर का दावा करने के लिए आवेदन.– वृक्षारोपण अनुज्ञापत्र अथवा वृक्ष पट्टे के धारक द्वारा धारा 239 की उपधारा (6) के अधीन प्रतिकर का दावा करने के लिए तहसीलदार को आवेदन किया जाएगा और उसमें वृक्षों की संख्या व प्रजातियां तथा उसके उन हितों का विवरण विनिर्दिष्ट किया जाएगा जो प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए हों। इसके साथ–

(क) वृक्ष अनुज्ञापत्र अथवा वृक्ष पट्टे की;

(ख) खसरा (फील्ड बुक) अथवा भूमि के ऐसे अन्य अभिलेखों की, जिनमें ऐसे अनुज्ञापत्र अथवा पट्टे का प्रदान किया जाना अभिलिखित हो; और

(ग) भूमि का लोक प्रयोजन के लिए उपयोग किए जाने के लिए कलक्टर द्वारा दी गई अनुमति सम्बन्धी आदेश की;

प्रति संलग्न की जाएगी।

70. तहसीलदार द्वारा सूचना तथा उद्घोषणा का जारी किया जाना.– (1) नियम 69 के अधीन प्रस्तुत आवेदन प्राप्त होने पर, तहसीलदार समस्त हितबद्ध पक्षकारों को जिनमें उपभोक्ता संस्था भी सम्मिलित है, सूचना जारी करेगा। वह ऐसे धारक द्वारा किए दावे के विरूद्ध आपत्तियां, यदि कोई हों, आमंत्रित करते हुए **प्ररूप–सोलह** में एक उद्घोषणा भी जारी करेगा।

(2) मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (राजस्व न्यायालयों की प्रकिया) नियम, 2019 के भाग दो के उपबंधों के अनुसार ऐसी सूचनाएं जारी की जाएंगी व तामील करवाई जाएंगी तथा ऐसी उद्घोषणा जारी की जाएगी।

71. तहसीलदार द्वारा जांच.– (1) सुनवाई के लिए नियत दिनांक या किसी अन्य दिनांक पर जिसके लिए सुनवाई स्थगित की जाए, तहसीलदार किए गए दावे की जांच करेगा तथा पक्षकारों का परीक्षण करने तथा ऐसी साक्ष्य लेने के पश्चात्, जैसी कि वह आवश्यक समझे, निम्नलिखित बिन्दुओं पर जांच रिपोर्ट तैयार करेगा।

(क) क्या धारा 239 की उपधारा (6) के अधीन ऐसे धारक के कोई अधिकार प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए हैं;

(ख) यदि ऐसा है तो उनका विवरण;

(ग) अधिकारों का मूल्यांकन तथा देय प्रतिकर, यदि कोई हो, और

(घ) वह व्यक्ति अथवा उपभोक्ता संस्था, यदि कोई हो, जो प्रतिकर का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी है:

परंतु कोई प्रतिकर देय नहीं होगा यदि वृक्षारोपण अनुज्ञापत्र अथवा वृक्ष पट्टा इस उपबंध के साथ प्रदान किया गया हो जो प्रतिकर का भुगतान किए बिना राज्य सरकार को भूमि का उपयोग पुनरारंभ करने की अनुज्ञा देता हो।

(2) तहसीलदार, उपनियम (1) के खण्ड (ग) के अधीन, राज्य सरकार के किसी विभाग से अधिकारों का मूल्यांकन करवा सकेगा।

(3) जांच रिपोर्ट उपखण्ड अधिकारी को प्रस्तुत की जाएगी।

72. उपखण्ड अधिकारी द्वारा आदेश.– नियम 71 के अधीन तैयार की गई रिपोर्ट प्राप्त होने पर उपखण्ड अधिकारी, ऐसी और साक्ष्य ले सकेगा या लेने देगा जैसी कि वह आवश्यक समझे, और ऐसे धारक को भुगतान किए जाने वाले प्रतिकर, यदि कोई हो, के बारे में तथा उस व्यक्ति अथवा उपभोक्ता संस्था, जो इसका भुगतान करेगी के बारे में, यदि कोई हो, आदेश पारित कर सकेगा।

भाग–ग
वृक्षों के काटे जाने का विनियमन
[धारा 240 (1)]

73. कतिपय वृक्षों को काटे जाने के लिए अनुज्ञा का अपेक्षित होना.– भूमिस्वामी की भूमि अथवा राज्य सरकार की भूमि पर, खड़ा कोई वृक्ष–

(क) किसी जलधारा, झरने या तालाब के किनारे के अंतिम छोर से 30 मीटर के भीतर;

(ख) किसी सड़क या बैलगाड़ी के रास्ते के मध्य से 15 मीटर के भीतर तथा किसी पगडंडी से 6 मीटर के भीतर;

(ग) किसी पवित्र स्थान से 30 मीटर की परिधि के भीतर किसी उपवन के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में;

(घ) वन महोत्सव कार्यक्रम अथवा उसके समान किसी अन्य योजना के अधीन वृक्षों की प्रजातियों के वृक्षारोपण के अधीन के क्षेत्र में;

(ड) पड़ाव, कब्रिस्तान या श्मशान स्थल, गोठान, खलिहान, बाजार या आबादी के लिए पृथक् रखे गए किसी क्षेत्र में; अथवा

(च) पहाड़ी तथा 25 डिग्री से अधिक ढलान वाले ऊंचे नीचे क्षेत्र पर;

नियम 75 या नियम 76 के अधीन अनुज्ञा प्राप्त किए बिना न तो काटा जाएगा, न गिराया जाएगा, न उसका तना छीलकर घेरा जाएगा अथवा न ही उसे अन्यथा नुकसान पहुंचाया जाएगा।

स्पष्टीकरण– खण्ड (क) के प्रयोजन के लिए जलधारा में सभी सरिताएँ, नदियाँ, छोटी नदियाँ और नाले सम्मिलित होंगे जिनमें साधारणतया दिसम्बर के अंत तक पानी रहता है, किन्तु मानसून के दौरान पानी के बह निकलने से बनी छोटी अस्थायी नालियाँ सम्मिलित नहीं होंगी।

74. ग्राम पंचायत स्तरीय समिति.– प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक ग्राम पंचायत स्तरीय समिति होगी। ऐसी ग्राम पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति के समस्त सदस्यगण और स्थानीय पटवारी ऐसे समिति के सदस्य होंगे। सामान्य प्रशासन समिति का अध्यक्ष ऐसी समिति का अध्यक्ष होगा और ऐसी समिति का सचिव ऐसी समिति का सदस्य–सचिव होगा।

75. भूमिस्वामी की भूमि पर खड़े हुए वृक्षों को काटे जाने के लिए अनुज्ञा.— नियम 73 में विनिर्दिष्ट ऐसे वृक्षों को, जो भूमिस्वामी की भूमि पर खड़े हों, ग्राम स्तरीय समिति की सिफारिश पर तहसीलदार की अनुज्ञा के बिना न तो काटा जाएगा, न गिराया जाएगा, न उनका तना छीलकर घेरा जाएगा, न ही उन्हें अन्यथा नुकसान पहुंचाया जाएगाः

परंतु वृक्षों को काटने अथवा काट कर गिराए जाने के लिए कोई अनुज्ञा अपेक्षित नहीं होगी यदि वृक्षों का काटा जाना अथवा काट कर गिराया जाना मध्यप्रदेश लोक वानिकी अधिनियम, 2001 (कमांक 10 सन् 2001) के अनुसार हो।

76. दखलरहित भूमि पर खड़े वृक्षों को काटे जाने के लिए अनुज्ञा.— दखलरहित या सरकारी भूमि पर खड़े वृक्षों को कलक्टर की लिखित अनुज्ञा के बिना न तो काटा जाएगा, न काट कर गिराया जाएगा, न उसका तना छीलकर घेरा जाएगा अथवा न ही उसे अन्यथा नुकसान पहुंचाया जाएगाः

परंतु ग्राम स्तरीय समिति की इसके सम्यक् रूप से बुलाए गए सम्मिलन में पारित विधिमान्य संकल्प के आधार पर की गई सिफारिश पर तहसीलदार धारा 234 के अधीन तैयार किए गए निस्तार पत्रक के अनुसार केवल उस ग्राम के निवासियों के वास्तविक उपयोग के ग्राम में की दखलरहित भूमि से बबूल प्रजाति के वृक्षों को या उनके भागों को काटे जाने तथा हटाए जाने की लिखित अनुज्ञा दे सकेगा।

77. वृक्षों से आच्छादित भूमि का खेती योग्य भूमि से विनिमय.— कोई भूमिस्वामी जिसकी भूमि वृक्षों से आच्छादित है और जो स्थायी खेती करने के लिए अनुपयुक्त है, राज्य सरकार की उतनी खेती योग्य भूमि से, जो चालू बाजार दर से लगभग बराबर मूल्य की हो, विनिमय करने के लिए कलक्टर को आवेदन पत्र दे सकेगाः

परंतु ऐसा विनिमय किसी भी पक्षकार को अलाभकारी नहीं होगा तथा ऐसे विनिमय से अन्य व्यक्ति प्रतिकूल रूप से प्रभावित न होते हों।

78. भाग—ग के नियमों के उल्लंघन की दशा में कार्रवाई.— (1) जहां किसी राजस्व अधिकारी को यह विश्वास करने का कारण हो कि कोई वृक्ष इन नियमों के उपबंधों के उल्लंघन में काटा गया है, काट कर गिराया गया है, उसका तना छीलकर घेरा गया है या उसे अन्यथा नुकसान पहुंचाया गया है तो राजस्व अधिकारी द्वारा या उसके आदेश के अधीन ऐसे वृक्ष की लकड़ी या काय (कारपस) का अभिग्रहण किया जा सकेगा।

(2) जहां राजस्व अधिकारी उपखण्ड अधिकारी से भिन्न कोई अधिकारी है वहां ऐसे अभिग्रहण की रिपोर्ट वह पन्द्रह दिन के भीतर उपखण्ड अधिकारी को भेजेगा जो ऐसी कार्रवाई करेगा जिसे कि वह धारा 253 के अधीन ठीक समझे।

79. वृक्षों की कटाई से प्राप्त वनोपज का परिवहन.— (1) वृक्षों की कटाई से प्राप्त वनोपज के परिवहन हेतु मध्यप्रदेश अभिवहन (वनोपज) नियम, 2000 लागू होंगे।

(2) अभिवहन में वनोपज का भारसाधक कोई व्यक्ति, किसी भी वन अधिकारी, राजस्व अधिकारी, या पुलिस अधिकारी द्वारा जब कभी उसरो ऐसा करने को कहा जाए, उसके प्रभार में की वनोपज से सम्बन्धित पास या पासों को निरीक्षण हेतु प्रस्तुत करेगा।

भाग–घ

वनोत्पादों का नियंत्रण, प्रबन्धन, काटकर गिराया जाना अथवा हटाये जाने का विनियमन

[धारा 240(3)]

80. वन तथा वनोत्पादों की परिभाषाएं.– इस भाग में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–

(क) ''वन'' से अभिप्रेत है कोई सरकारी वन जो राजस्व विभाग के प्रबन्ध के अधीन हो किन्तु उसमें संरक्षित अथवा रक्षित वन सम्मिलित नहीं हैं।

(ख) ''वनोत्पाद'' में सम्मिलित हैं–

(एक) वन से प्राप्त समस्त उपज; और

(दो) दखलरहित भूमि पर खड़े वृक्षों से प्राप्त इमारती लकड़ी, लकड़ी तथा कोई अन्य उपज।

81. वन तथा वनोत्पादों का प्रबन्धन.– (1) वन तथा वनोत्पादों का प्रबन्धन, कलक्टर के साधारण अधीक्षण तथा निदेशन के अधीन, उस ग्राम पंचायत अथवा नगरीय स्थानीय प्राधिकारी में निहित होगा जिसके कि क्षेत्र में वह स्थित है।

(2) यदि किसी वन अथवा वनोत्पाद का क्षेत्र एक से अधिक ग्राम पंचायतों अथवा नगरीय स्थानीय प्राधिकारी के क्षेत्र में आता है तो वन अथवा वनोत्पादों का प्रबन्धन उस ग्राम पंचायत अथवा नगरीय स्थानीय प्राधिकारी द्वारा किया जाएगा जिसे कि राज्य सरकार निदेशित करे।

(3) ग्राम पंचायत अथवा नगरीय स्थानीय प्राधिकारी इन नियमों के तथा संहिता तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के अन्य उपबंधों के अनुसार वन तथा वनोत्पादों का प्रबन्धन करेंगे।

82. वन तथा वनोत्पादों से पूरी की जाने वाली निस्तार आवश्यकताओं को निस्तार पत्रक द्वारा विनियमित किया जाना.– वन तथा वनोत्पादों से पूरी की जाने वाली निस्तार आवश्यकताओं तथा कटाई को धारा 234 के अनुसार तैयार किए गए ग्राम के निस्तार पत्रक के अनुसार तथा ऐसे निबंधनों के अध्यधीन रहते हुए विनियमित किया जाएगा जिन्हें कि कलक्टर ऐसे वनों के परिरक्षण के हित में अधिरोपित करे।

स्पष्टीकरण– अभिव्यक्ति ''निस्तार आवश्यकताओं से अभिप्रेत है वास्तविक घरेलू खपत के प्रयोजन के लिए अपेक्षित निस्तार, न कि विक्रय दान, वस्तु विनिमय, निर्यात या क्षयकारी उपयोग।

83. निस्तार आवश्यकताओं के लिए वनोत्पादों का हटाया जाना.– वन के प्रबन्धन की प्रभारी ग्राम पंचायत ग्राम के निवासियों को निस्तार पत्रक के अनुसार निस्तार आवश्यकताओं के लिए किसी वनोत्पाद को काटने तथा अन्यत्र ले जाने की अनुज्ञा दे सकेगी।

84. विक्रय के लिए वनोत्पाद का हटाया जाना.– (1) विक्रय के लिए वनोत्पाद के हटाए जाने को राज्य सरकार के वन विभाग, पंचायत एवम् ग्रामीण विकास विभाग अथवा नगरीय विकास और आवास विभाग द्वारा जारी निदेशों, यदि कोई हों, के अनुसार, विनियमित किया जाएगा।

(2) उपरोक्त निदेशों के अभाव में सम्बन्धित ग्राम पंचायत अथवा नगरीय स्थानीय प्राधिकारी विक्रय के लिए वनोत्पाद को हटाने के लिए कोई स्पष्ट व पारदर्शी तरीका अंगीकृत कर सकेगा।

(3) वन में खड़े किन्हीं वृक्षों को नियम 76 के अधीन पूर्व अनुमति अभिप्राप्त किए बिना काटा नहीं जाएगा, काट कर गिराया नहीं जाएगा, उसके तने को छीलकर घेरा नहीं जाएगा अथवा उन्हें अन्यथा कोई नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा। ऐसी अनुमति नियम 86 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए दी जाएगी।

85. वनोत्पादों के विक्रय से आय.– वनोत्पादों के विक्रय से प्राप्त होने वाली आय यथास्थिति ग्राम पंचायत अथवा नगरीय स्थानीय प्राधिकारी की आय होगी।

86. वन के समुपयोजन की शर्तें.– वन का समुपयोजन निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन रहते हुए किया जाएगा, अर्थात् :–

(क) (एक) ऐसा कोई भी वृक्ष नहीं काटा जाएगा जिसकी परिधि घेरा या परिधि छाती की ऊंचाई पर 9 इंच तक हो;

(दो) समस्त वृक्ष यथासंभव भूमि की सतह के निकट से काटे जाएंगे;

(तीन) किन्हीं भी वृक्षों की न तो घिरान की जाएगी और न उन्हें कृतस्कंध किया जाएगा।

(ख) वृक्षों की जड़ों को नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा;

(ग) (एक) दो वर्ष से कम के किन्हीं भी बांस प्ररोहों को काटकर नहीं गिराया जाएगा।

(दो) बांस, भूमि की सतह से एक फुट की ऊंचाई से अधिक पर नहीं काटा जाएगा;

(तीन) किन्हीं भी बांस समूहों में जिनमें दस से कम पोरे अंतर्विष्ट हों, कटाई कार्य नहीं किया जाएगा।

(घ) निस्तार पत्रक के अनुसार काटी या हटाई जाने वाली वनोपज के अतिरिक्त कोई भी वनोपज उपखण्ड अधिकारी की मंजूरी के बिना काटी या ले जाई नहीं जाएगी;

(ङ) भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16) के अधीन बनाए गए मध्यप्रदेश अभिवहन (वनोपज) नियम, 2000 द्वारा अधिरोपित निबंधन वनोत्पादों के हटाए जाने पर भी लागू होंगे।

87. अधीक्षण और निदेशन से संबंधित कलक्टर की शक्ति.– (1) वनों के प्रबंधन के संबंध में कलक्टर को ग्राम पंचायत अथवा नगरीय स्थानीय प्राधिकारी के साधारण अधीक्षण की तथा उन्हें निदेश देने की शक्ति होगी।

(2) उपनियम (1) की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ऐसी शक्तियों में सम्मिलित हैं:–

(क) वनों के निरीक्षण तथा वनोत्पादों को स्वयं या किसी राजस्व अधिकारी द्वारा हटवाया जाना;

(ख) वन तथा वनोत्पाद से संबंधित ग्राम पंचायत अथवा नगरीय स्थानीय प्राधिकारी के किसी अभिलेख या पुस्तकों को मंगवाने की शक्ति;

(ग) वन तथा वनोत्पाद से संबंधित आय और व्यय के संबंध में ग्राम पंचायत अथवा नगरीय स्थानीय प्राधिकारी की ऐसी एजेंसी के माध्यम से जिसे कि वह ठीक समझे लेखा परीक्षा कराए जाने के आदेश देने की शक्ति तथा ग्राम पंचायत अथवा नगरीय स्थानीय प्राधिकारी द्वारा ऐसी लेखा परीक्षा की फीस का भुगतान किए जाने का आदेश देने की शक्ति;

(घ) वनों तथा वनोत्पादों के प्रबन्धन, संरक्षण तथा समुपयोजन के संबंध में ग्राम पंचायत अथवा नगरीय स्थानीय प्राधिकारी को इन नियमों तथा संहिता के उपबंधों से अनुअसंगत निदेश जारी करने की शक्ति।

(3) ग्राम पंचायत अथवा नगरीय स्थानीय प्राधिकारी का यह कर्तव्य होगा कि वह उप नियम (1) अथवा (2) के अधीन जारी किए गए निदेशों का पालन करे।

88. आग से संरक्षण.– (1) कोई भी व्यक्ति वन के किसी भी भाग में आग नहीं लगाएगा तथा कोई भी व्यक्ति वन के सामीप्य में आग नहीं लगाएगा जिससे कि उसमें पड़ी हुई किसी इमारती लकड़ी या उसके किन्हीं भी वृक्षों को नुकसान पहुंचे।

(2) ऐसे प्रत्येक व्यक्ति का, जो वन में किसी अधिकार का प्रयोग कर रहा हो या जिसे वन से अपनी निस्तार आवश्यकताएं पूरी करने या उसमें पशु चराने के लिए अनुज्ञा दी गई हो, यह कर्तव्य होगा कि वह वन में या उसके सामीप्य में आग लगने की घटना की, जो उसकी जानकारी में आए, यथास्थिति, ग्राम पंचायत अथवा नगरीय स्थानीय प्राधिकारी के निकटतम पदाधिकारी अथवा कर्मचारी को तत्क्षण सूचना दे और ऊपर नामांकित पदाधिकारियों द्वारा ऐसा करने के लिए अपेक्षित किया जाए या नहीं,–

(क) ऐसी आग को बुझाने के लिए; और

(ख) अपनी शक्ति के भीतर सभी वैध उपायों द्वारा ऐसे वन के सामीप्य में लगी ऐसी आग को वन में न फैलने देने के लिए;

कदम उठाए।

89. भाग–घ के नियमों के उल्लंघन की दशा में कार्रवाई.– (1) जब किसी राजस्व अधिकारी को यह विश्वास करने का कारण हो कि इन नियमों के उपबंधों के उल्लंघन में कोई वृक्ष काटा गया है या कोई वनोत्पाद ले जाया गया है तो राजस्व अधिकारी के आदेश द्वारा या उसके अधीन ऐसे वृक्ष या वनोत्पाद का अभिग्रहण किया जा सकेगा।

(2) जहां राजस्व अधिकारी उपखण्ड अधिकारी से भिन्न कोई अधिकारी है वहां ऐसे अभिग्रहण की रिपोर्ट वह पन्द्रह दिन के भीतर उपखण्ड अधिकारी को भेजेगा जो ऐसी कार्रवाई करेगा जिसे कि वह धारा 253 के अधीन ठीक समझे।

भाग – ङ

सरकारी वनों से लगे हुए ग्रामों में इमारती लकड़ी को काटकर गिराए जाने तथा उसे वहां से हटाए जाने का विनियमन

(धारा 241)

90. धारा 241 के अधीन आदेश की उद्घोषणा.– धारा 241 की उपधारा (1) के अधीन राजपत्र में प्रकाशित आदेश की एक प्रति उन ग्रामों में जो अधिसूचित क्षेत्र में समाविष्ट हों, सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा की जाएगी। इसकी एक प्रति ग्राम पंचायत के सूचना पट पर चस्पा की जाएगी तथा संबंधित ग्रामों में और साप्ताहिक बाजारों में, यदि कोई हों, डुग्गी पिटवाकर भी उद्घोषित की जाएगी:

परंतु यदि ऐसा आदेश हिन्दी में नहीं है तो इसका हिन्दी अनुवाद इस प्रकार चस्पा किया जाएगा और उद्घोषित किया जाएगा।

91. ग्राम पंचायत स्तरीय समिति.– प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक ग्राम पंचायत स्तरीय समिति होगी। ऐसी ग्राम पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति के समस्त सदस्यगण तथा स्थानीय बीट गार्ड तथा पटवारी ऐसी समिति के सदस्य होंगे सामान्य प्रशासन समिति का अध्यक्ष ऐसी समिति का अध्यक्ष होगा और ऐसी समिति का सचिव ऐसी समिति का सदस्य–सचिव होगा।

92. राष्ट्रीयकृत इमारती लकड़ी के वृक्षों को काटने के लिए आवेदन.– जब किसी ग्राम में धारा 241 की उपधारा (2) के अधीन कोई आदेश उद्घोषित कर दिया जाए तब विक्रय या व्यापार अथवा व्यवसाय के प्रयोजनों हेतु अपने खाते में किसी राष्ट्रीयकृत इमारती लकड़ी के वृक्ष को काटकर गिराने का इच्छुक कोई व्यक्ति **प्ररूप–सत्रह** में लिखित में तीन प्रतियों में तहसीलदार को आवेदन प्रस्तुत करेगा :

परन्तु वृक्षों को काटे जाने या काटकर गिराए जाने के लिए कोई अनुज्ञा अपेक्षित नहीं होगी, यदि वृक्षों को काटा जाना या काटकर गिराया जाना मध्यप्रदेश लोक वानिकी अधिनियम, 2001 (क्रमांक 10 सन् 2001) के अनुसार है:

परन्तु यह और कि मध्यप्रदेश वन उपज (व्यापार विनियमन) अधिनियम, 1969 (क्रमांक 9 सन् 1969) तथा भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 कस 16) के अधीन विरचित मध्यप्रदेश अभिवहन (वनोपज) नियम, 2000 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, किसी भूमिस्वामी के खाते में की राष्ट्रीयकृत इमारती लकड़ी के वृक्षों को काटकर गिराए जाने और अभिवहन के लिए, यदि ऐसा काटकर गिराया जाना संहिता के उपबंधों के उल्लंघन में नहीं है तो कोई अनुज्ञा अपेक्षित नहीं होगी, यदि उसने स्वयं इन वृक्षों का रोपण, जिसमें वाणिज्यिक रोपण भी सम्मिलित है, किया हो:

परन्तु यह और भी कि भूमिस्वामी किसी रोपण के संबंध में तहसीलदार तथा वन रेंज अधिकारी को **प्ररूप – अठारह** में अग्रिम सूचना देगा और ऐसे रोपण को, खसरा को सम्मिलित करते हुए, सुसंगत राजस्व अभिलेखों में सम्यक्रूप से अभिलिखित किया जाएगा।

स्पष्टीकरण–एक – इस नियम के प्रयोजन के लिए "वाणिज्यिक रोपण" में इस नियम में यथाउपबंधित राजस्व अभिलेखों में इनके अभिलिखित होने के अध्यधीन रहते हुए, वाणिज्यिक फसल के रूप में वृक्षों का रोपण, उनका उगाना तथा उनकी कटाई सम्मिलित होगी।

स्पष्टीकरण–दो – "राष्ट्रीयकृत इमारती लकड़ी के वृक्ष" से अभिप्रेत है मध्यप्रदेश वन उपज (व्यापार विनियमन) अधिनियम, 1969 (क्रमांक 9 सन् 1969) के अधीन विनिर्दिष्ट प्रजातियां।

93. तहसीलदार का आदेश.– **(1)** आवेदन प्राप्त होने पर तहसीलदार तुरंत ही दूसरी प्रति उपखण्ड अधिकारी, वन को और तीसरी प्रति ग्राम पंचायत स्तरीय समिति को विचारार्थ भेजेगा।

(2) ग्राम पंचायत स्तरीय समिति तथा उपखण्ड अधिकारी, वन से अनुशंसा या रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात् तहसीलदार यह सुनिश्चित करेगा कि इमारती लकड़ी के वृक्षों में से जिन्हें काटने हेतु आवेदन किया गया है, उनमें से कौन सी इमारती लकड़ी के वृक्ष लोक हित में आरक्षित रखा जाना अपेक्षित हैं या कौन से मिट्टी का कटाव रोकने के लिए अपेक्षित हैं।

(3) तहसीलदार खाते में उनके अतिरिक्त, जिन्हें वह आरक्षित रखे जाने का आदेश दे, इमारती लकड़ी के वृक्ष काटे जाने की अनुज्ञा दे सकेगा।

(4) ऐसे भूमिस्वामी के मामले में, जो ऐसी जनजाति का हो, जिसे कि धारा 165 की उपधारा (6) के अधीन आदिम जनजाति घोषित किया गया हो, मध्यप्रदेश आदिम जनजातियों का संरक्षण (वृक्षों में हित) अधिनियम, 1999 (क्रमांक 12 का 1999) के उपबंध लागू होंगे।

94. अनुज्ञा की विधिमान्यता.– नियम 93 के अधीन भूमिस्वामी को दी गई अनुज्ञा बारह मास के लिए मान्य होगी।

95. अनुरक्षित रखे जाने वाले वृक्षों को चिन्हित किया जाना.– अनुरक्षित रखे जाने वाले इमारती लकड़ी के वृक्षों को निम्नलिखित रीति से चिन्हित किया जाएगा :–

(क) ऐसे वृक्ष ग्राम के पटवारी अथवा तहसीलदार द्वारा प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा अनुरक्षित रखे जाने के लिए चिन्हित किए जाएंगे; और

(ख) ऐसे वृक्षों पर सीने की ऊंचाई पर अर्थात् भूमि के तल से 1.3 मीटर पर कोल्तार की पट्टी होगी और वे क्रमानुसार क्रमांकित किए जाएंगे।

96. अनुरक्षित रखे जाने के लिए आदेशित वृक्षों को संरक्षित रखने का पटवारी का कर्तव्य.– ग्राम के पटवारी का यह देखने का कर्तव्य होगा कि ऐसे वृक्ष जिन्हें अनुरक्षित किए जाने का आदेश हुआ है, काटकर गिराए नहीं गए हैं।

97. वनोपज का अभिवहन.– (1) वृक्षों को काटे जाने से प्राप्त वनोपज के परिवहन को मध्यप्रदेश अभिवहन (वनोपज) नियम, 2000 के उपबंध लागू होंगे।

(2) अभिवहन में वनोपज का भारसाधक कोई व्यक्ति, किसी भी वन अधिकारी, राजस्व अधिकारी या पुलिस अधिकारी द्वारा जब कभी उससे ऐसा करने को कहा जाए, उसके प्रभार में की वनोपज से संबंधित पास या पासों को निरीक्षण हेतु प्रस्तुत करेगा।

98. भाग–ङ के नियमों के उल्लंघन की दशा में कार्रवाई.– (1) जहां किसी राजस्व अधिकारी को यह विश्वास करने का कारण हो कि कोई वृक्ष इन नियमों के उपबंधों के उल्लंघन में काट कर गिराया गया है तो उसके द्वारा या उसके आदेश के अधीन ऐसे वृक्ष की लकड़ी या काय (कारपस) का अभिग्रहण किया जा सकेगा।

(2) जहां राजस्व अधिकारी उपखण्ड अधिकारी से भिन्न कोई अधिकारी है वहां ऐसे अभिग्रहण की रिपोर्ट वह पन्द्रह दिन के भीतर उपखण्ड अधिकारी को भेजेगा जो ऐसी कार्रवाई करेगा जिसे कि वह धारा 253 के अधीन ठीक समझे।

अध्याय–सात

सरकारी भूमि पर अप्राधिकृत दखल, मछली पकड़ना, जीव–जन्तुओं को पकड़ना तथा मारना, सरकारी भूमि से पदार्थो का हटाया जाना तथा सरकारी तालाबों से पानी का उपयोग

भाग–क

सरकारी भूमि पर अप्राधिकृत दखल या कब्जा चालू रखने के लिए सिविल कारागार में भेजा जाना

[धारा 248 की उपधारा (2–क)]

99. व्यक्ति की रिपोर्ट जो अप्राधिकृत दखल या कब्जा चालू रखे.– यदि कोई व्यक्ति धारा 248 की उपधारा (1) के अधीन बेदखली के आदेश की तारीख के पश्चात् सात दिन से अधिक दिनों तक भूमि पर अप्राधिकृत दखल या कब्जा चालू रखता है तो तहसीलदार संबंधित उपखण्ड अधिकारी को तदनुसार रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

100. उपखण्ड अधिकारी द्वारा सूचना जारी किया जाना.– तहसीलदार से नियम 99 के अधीन रिपोर्ट प्राप्त होने पर, उपखण्ड अधिकारी नियम 99 में निर्दिष्ट व्यक्ति को **प्ररूप 'उन्नीस'** में उससे यह अपेक्षा करते हुए एक सूचना जारी करेगा कि वह उसमें (सूचना में) विर्निर्दिष्ट किए गए दिन को उसके (उपखण्ड अधिकारी) समक्ष उपसंजात हो और यह कारण दर्शाए कि भूमि पर अप्राधिकृत दखल या कब्जा खाली न करने के लिए उसे सिविल कारागार के सुपुर्द क्यों न किया जाए।

101. सूचना के अनुसरण में उपसंजात होने में चूक के लिए व्यक्ति के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट का जारी किया जाना.– यदि ऐसा व्यक्ति नियम 100 के अधीन जारी की गई सूचना के अनुसरण में विनिर्दिष्ट दिन को उपस्थित होने में असफल रहता है और अप्राधिकृत दखल या कब्जा चालू रखे तो उपखण्ड अधिकारी धारा 248 की उपधारा (2–ए) के अनुसार सिविल कारागार के सुपुर्द करने के लिए, ऐसे व्यक्ति की गिरफ्तारी हेतु **प्ररूप 'बीस'** में एक वारंट जारी करेगा।

102. उपखण्ड अधिकारी द्वारा जांच किया जाना.– जहाँ भूमि पर अप्राधिकृत दखल या कब्जा करने–वाला व्यक्ति नियम 100 के अधीन जारी की गई सूचना के आज्ञानुवर्तन में उपखण्ड अधिकारी के समक्ष उपस्थित हो अथवा नियम 101 के अधीन जारी गिरफ्तारी के वारंट के अनुसरण में उसके समक्ष लाया जाए वहाँ उपखण्ड अधिकारी यह कारण दर्शाने का एक अवसर देगा कि भूमि पर अप्राधिकृत दखल या कब्जा खाली न करने के लिए उसे सिविल कारगार के सुपुर्द क्यों न कर दिया जाए।

103. अतिक्रामक को सिविल कारागार के सुपुर्द करने के लिए आदेश.— नियम 102 के अधीन जाँच की समाप्ति पर उपखण्ड अधिकारी धारा 248 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए **प्ररूप–इक्कीस** में उस व्यक्ति को सिविल कारागार के सुपुर्द करने का आदेश दे सकेगा और यदि वह पहले ही गिरफ्तार न किया गया हो तो उस दशा में उसे गिरफ्तार करवाएगा।

104. सिविल प्रकिया संहिता, 1908 के उपबंधों का गिरफ्तारी के लिए लागू होना.— सिविल प्रकिया संहिता, 1908 (1908 का 5) की धारा 55 के उपबंध, नियम 101 तथा 103 के अधीन गिरफ्तारी को यथावश्यक परिवर्तन सहित लागू होंगे।

105. निर्मुक्ति का आदेश.— धारा 248 की उपधारा (2–क) के द्वितीय परंतुक के अधीन निर्मुक्त किए जाने का आदेश **प्ररूप 'बाईस'** में होगा।

106. सिविल कारागार में परिरोध किए जाने पर उपगत व्यय का राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाना.— धारा 248 की उपधारा (2–क) के अधीन किसी व्यक्ति के सिविल कारागार में परिरोध पर उपगत व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

भाग–ख

सरकारी तालाब से मछली पकड़ने का विनियमन

(धारा 249)

107. सरकारी तालाब से मछली पकड़ने का विनियमन.— (1) सरकारी तालाब से मछली पकड़ने का विनियमन राज्य सरकार के मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग या नगरीय विकास एवं आवास विभाग के निदेशों, यदि कोई हों, के अनुसार होगा।

(2) उपरोक्त निदेशों के अभाव में संबंधित ग्राम पंचायत या नगरीय स्थानीय प्राधिकारी सरकारी तालाबों से मछली पकड़ने की अनुज्ञा हेतु कोई स्पष्ट तथा पारदर्शी रीति अंगीकृत कर सकेगा। मछली पकड़ने की अनुज्ञा से प्राप्त आय ग्राम पंचायत या नगरीय स्थानीय प्राधिकारी की आय होगी।

भाग–ग

ग्रामों में जीव–जन्तुओं को पकड़ना, आखेट या गोली से मारने का विनियमन

(धारा 249)

108. जीव–जन्तुओं को पकड़ना या मारना.– (1) किसी वन्य प्राणी को, जो वन्य प्राणी (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) की परिधि में आते हैं, पकड़ना, उसका आखेट या उसे मारना उस अधिनियम तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों द्वारा विनियमित होगा।

स्पष्टीकरण– जंगली सुअर को पकड़ना तथा मारना वन्य प्राणी (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के अधीन बनाए गए मध्यप्रदेश वन्य प्राणी (जंगली सुअर) उन्मूलन नियम, 2003 के द्वारा विनियमित होगा।

(2) उप नियम (1) की परिधि के भीतर आने वाले जीव जन्तुओं से भिन्न जीव जन्तुओं को पकड़ना, उनका आखेट करना अथवा उन्हें मारना उस विधि के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगा जो तत्समय प्रवृत्त हो।

भाग–घ
सरकारी भूमि से पदार्थों का हटाया जाना

(धारा 249)

109. सरकारी भूमि से मुरम, कंकर, रेत, मिट्टी, चिकनी मिट्टी, पत्थर अथवा अन्य गौण खनिजों का हटाया जाना.– सरकारी भूमि से मुरम, कंकर, रेत, मिट्टी, चिकनी मिट्टी, पत्थर अथवा किसी अन्य गौण खनिज को हटाया जाना राज्य सरकार के खनिज संसाधन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, अथवा नगरीय विकास और आवास विभाग द्वारा जारी निदेशों के अनुसार विनियमित होगा।

110. नियमों के उल्लंघन के मामले में कार्रवाई.– (1) जब किसी राजस्व अधिकारी को यह विश्वास करने का कारण हो कि सरकार की भूमि पर से इस भाग में अन्तर्विष्ट उपबंधों के उल्लंघन में कोई पदार्थ हटाया गया है, ऐसा पदार्थ उस राजस्व अधिकारी द्वारा अथवा उसके आदेश के अधीन अभिगृहीत किया जा सकेगा।

(2) जहां राजस्व अधिकारी उपखण्ड अधिकारी से भिन्न कोई अधिकारी है वहां ऐसे अभिग्रहण की रिपोर्ट वह पन्द्रह दिन के भीतर उपखण्ड अधिकारी को भेजेगा जो ऐसी कार्रवाई करेगा जिसे कि वह धारा 253 के अधीन ठीक समझे।

भाग–ड.

राज्य सरकार में निहित तालाबों से सिंचाई या निस्तार

(धारा 251)

111. सिंचाई तथा निस्तार की सीमा.– राज्य सरकार में निहित तालाबों से खेतों की सिंचाई तथा निस्तार की अनुमति विगत बंदोबस्त के वाजिब–उल–अर्ज में अभिलिखित सीमा तक दी जाएगी।

112. अतिरिक्त पानी का प्रदाय.– यदि नियम 111 में निर्दिष्ट सिंचाई तथा निस्तार के अधिकारों की पूर्ति के पश्चात् या अन्यथा अतिरिक्त पानी प्राप्य है, तो वह किसी भूमिस्वामी को उसके द्वारा कलक्टर को आवेदन प्रस्तुत करने पर, यदि वह ऐसी दर पर सिंचाई प्रभारों का, जो कलक्टर द्वारा समय–समय पर नियत की जाए, भुगतान करना स्वीकार करता है, प्रदाय किया जा सकेगा।

113. पेय जल या किसी अन्य निस्तार प्रयोजन के लिए तालाब का अनन्य रूप से सुरक्षित किया जाना.– यदि ग्राम की जलापूर्ति कलक्टर के मत में अपर्याप्त है, तो वह किसी तालाब को अनन्य रूप से पीने या अन्य किसी भी निस्तार के प्रयोजन के हेतु सुरक्षित कर सकेगा।

अध्याय–आठ

खातों की चकबंदी

(धारा 221)

114. चकबंदी के लिये भूमि का न्यूनतम क्षेत्रफल.– धारा 206 की उपधारा (1) के अंतर्गत अपने खातों की चकबंदी के लिए आवेदन करने–वाले भूमिस्वामियों द्वारा धारित एकत्र भूमि 40 हेक्टेयर से कम नहीं होगी :

परंतु किसी ग्राम के मामले में राज्य सरकार, आदेश द्वारा, कोई ऐसी न्यूनतम सीमा जो वह उचित समझे, निर्धारित कर सकेगी।

115. चकबंदी अधिकारी द्वारा भूमिस्वामियों को अपने खाते में भूमि की चकबंदी हेतु प्रेरित करना.– धारा 206 की उपधारा (2) के अधीन कलक्टर का निदेश प्राप्त होने पर चकबंदी अधिकारी ग्राम में जाएगा और उक्त ग्राम के भूमिस्वामियों को अपने खातों की चकबंदी करने की सहमति देते हुए आवेदन प्रस्तुत करने को प्रेरित करने हेतु प्रत्येक संभव प्रयत्न करेगा और जब उक्त आवेदन प्रस्तुत हो जाए तब धारा 207 अथवा 208 के अंतर्गत, जैसा भी प्रसंग हो, उसका परीक्षण करना एवं उसका निराकरण करना प्रारंभ करेगा।

116. चकबंदी के लिये आवेदन.– धारा 206 में उल्लिखित खातों की चकबंदी के लिए आवेदन **प्ररूप–तेईस** में होगा।

117. उद्घोषणा तथा सूचनाओं का जारी किया जाना.– (1) आवेदन प्राप्त होने पर, चकबंदी अधिकारी उस ग्राम में जिसमें उक्त आवेदन में वर्णित खाते स्थित हैं, **प्ररूप–चौबीस** में उद्घोषणा कराएगा। आवेदन की जांच के लिए निश्चित किया गया स्थान संबद्ध ग्राम में ही होगा अथवा यदि ग्राम वीरान है तो पड़ोस के ग्राम में होगा। चकबंदी अधिकारी आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालों के नाम भी **प्ररूप–पच्चीस** में सूचना जारी करेगा।

(2) आवेदन की जांच के लिए निर्धारित दिनांक, उस दिन से जिस दिन उद्घोषणा हुई है, 30 दिन से कम का नहीं होगा।

118. चकबंदी अधिकारी द्वारा आवेदन का परीक्षण.– (1) आवेदन का परीक्षण प्रारंभ करने पर चकबंदी अधिकारी सबसे पहले उसकी पूर्तियों की पुष्टि करेगा और आवेदन पर ऐसी टिप्पणी लगाएगा जैसी आवेदन में दर्शित दायित्वों एवं विल्लंगमों के विशेष संदर्भ से आवश्यक हो। वह आवेदन के संबंध में उसके समक्ष प्रस्तुत आपत्तियों एवं प्रस्तुतियों को संक्षेप में अभिलिखित करेगा।

(2) यदि परीक्षणाधीन आवेदन ग्राम के दो–तिहाई भूमिस्वामियों से कम के द्वारा प्रस्तुत किया गया है तो चकबंदी अधिकारी जांच करेगा कि क्या आवेदन में सम्मिलित न होने–वाले कोई भूमिस्वामी लिखित रूप में उनके खातों की चकबंदी को सहमति देने को तैयार हैं, जिससे कि धारा 206 की उपधारा (3) द्वारा अपेक्षित रूप में आवेदन का सीमा–विस्तार हो सके। इस प्रकार सहमति देने वाले भूमिस्वामियों के हस्ताक्षर उक्त आवेदन पर लिए जाएंगे तथा ऐसे आवेदन पर उनके एवं उनके खाते के संबंध में विवरण दिए जाएंगे।

119. आवेदन का अमान्य किया जाना.– चकबंदी अधिकारी यदि जांच में यह पाए कि आवेदन नामंजूर किया जाए अथवा किसी भूमिस्वामी का मामला चकबंदी से पृथक् कर दिया जाए, तो वह इस बारे में अपने कारण लेखबद्ध करेगा।

120. आवेदन का ग्रहण किया जाना.– (1) यदि चकबंदी अधिकारी यह निर्णय करता है कि उक्त आवेदन नामंजूर किया जाए अथवा किसी भूमिस्वामी का मामला चकबंदी से पृथक कर दिया जाए तो वह धारा 207 की उपधारा (1) के अधीन कलक्टर को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

(2) यदि चकबंदी अधिकारी आवेदन ग्रहण करने का निर्णय करता है तो वह इस आशय का विधिवत आदेश लेखबद्ध करेगा। ग्रहण किये जाने का तथ्य और उसका दिनांक ग्राम में उद्घोषित किया जाएगा।

(3) उस दिनांक से जिसको ग्राम में चकबंदी का आवेदन ग्रहण हो जाता है, कोई भी राजस्व अधिकारी ग्राम के अधिकार–अभिलेख में संशोधन संबंधी किसी भी प्रविष्टि को प्रमाणित नहीं करेगा।

121. सलाहकार समिति का गठन.– नियम 120 में उप नियम (2) के अधीन आदेश पारित होते ही आवेदन से संबंधित खातों में चकबंदी की स्कीम का परीक्षण करने अथवा उसे तैयार करने में चकबंदी अधिकारी को सहायता देने के लिए एक सलाहकार समिति (जिसे आगे समिति कहा जाएगा) का गठन करने के लिए कार्यवाही की जाएगी।

122. समिति के सदस्य.– (1) समिति के पांच सदस्य होंगे। दो सदस्य भूमिस्वामियों द्वारा जिन्होंने आवेदन किया है उनमें से ही चयनित होंगे; और तीन सदस्य चकबंदी अधिकारी द्वारा खातों की चकबंदी का अनुभव रखने–वाले या इस प्रकार के कार्य में दिलचस्पी लेने–वाले उस ग्राम के अथवा लगे हुए के ग्राम के निवासियों में से नाम निर्देशित किए जाएंगे।

(2) चकबंदी अधिकारी समिति के सदस्यों की नियुक्ति का विधिवत आदेश अभिलिखित करेगा और उन्हें समिति के कार्य समझाएगा।

(3) चकबंदी अधिकारी, कारणों को अभिलिखित करते हुए समिति के किसी भी सदस्य को हटा सकेगा यदि वह कार्य करने से मना कर देता है, कार्य करने में असमर्थ हो जाता है अथवा चकबंदी स्कीम का परीक्षण करने या उसे तैयार करने में कोई भाग नहीं लेता है, अथवा उसका समिति में बना रहना स्कीम के हित में अवांछनीय समझा जाए। इस प्रकार जो स्थान रिक्त होगा वह उप नियम (1) में उपबंधित रीति में भरा जाएगा।

123. परस्पर सहमत स्कीम.– (1) आवेदकों द्वारा परस्पर सहमत स्कीम का परीक्षण करते समय चकबंदी अधिकारी, समिति की सहायता से स्वयं को तुष्ट कर लेगा कि सभी आवेदक उसे समझते हैं और उनकी सहमति वास्तविक है तथा किसी ऐसे सौदे या प्रतिफल से प्रेरित नहीं है जिसे वह अनुचित समझता हो।

(2) यदि चकबंदी अधिकारी आवेदकों की किसी परस्पर सहमत स्कीम को परिवर्तित करने का निर्णय करता है तो वह, यथासम्भव, विहित रीति से स्वयं ही चकबंदी की स्कीम तैयार करना प्रारंभ करेगा।

124. खेतों का मूल्यांकन.– (1) जब चकबंदी अधिकारी को स्वयं चकबंदी की स्कीम तैयार करना हो तो वह स्थल पर खेतों की सापेक्ष उत्पादन–शक्ति पर आधारित मूल्यांकन प्रतिशत में निश्चित करेगा। सापेक्ष उत्पादन–शक्ति निश्चित करने के लिए ऐसे तत्व, जैसे मिट्टियां, स्थितियां, वर्तमान परिस्थितियां, ग्राम स्थान से दूरी, पशुओं से हानि होने के लिए खुला होना, किसी नाले द्वारा कटाव अथवा क्षरण की संभावना, सिंचन के साधन तथा सुरक्षा, बहाव, आवागमन के साधन, फसलों का इतिहास तथा दुहरी फसलें देने की क्षमता ध्यान में रखे जाएंगे।

(2) इस प्रकार निश्चित मूल्यांकन चकबंदी मानचित्र में और हैसियत खसरा में प्ररूप–छब्बीस में अभिलिखित किया जाएगा।

(3) मूल्यांकन का कार्य पूर्ण होने पर चकबंदी अधिकारी आवेदकों एवं सदस्यों को एक बार पुनः विवरण समझाएगा तथा उनके साथ विचार–विमर्श करेगा और यदि वे मूल्यांकन की परिपुष्टि करते हैं, तो वे **प्ररूप–सत्ताईस** में अंकित कथन पर अपने हस्ताक्षर करेंगे।

(4) मूल्यांकन के संबंध में मतभेद के प्रकरणों में,चकबंदी अधिकारी पुनः उक्त ग्राम में जाएगा, सदस्यों एवं आवेदकों के साथ खेतों का निरीक्षण करेगा और जहां आवश्यक होगा मूल्यांकन को परिवर्तित करेगा तथा हैसियत खसरा एवं चकबंदी मानचित्र की प्रविष्टियां को संशोधित करेगा।

125. स्कीम के अधीन भूमि के आवंटन का सिद्धांत.– चकबंदी स्कीम के अधीन भूमि के भू–खण्डों का आबंटन निम्न सिद्धातों पर किया जाएगा, अर्थात्:–

(क) भू–खंड इस प्रकार निर्मित किए जाएंगे जिससे कि वे भूमिस्वामी को उतनी ही शुद्ध आय दें जितनी वह पूर्व में प्राप्त करता था। इस आशय के हेतु धान की भूमि धान की भूमि से विनिमय की जाएगी और बिना धान की भूमि बिना धान की भूमि से।

(ख) नई भूमियों का या तो क्षेत्रफल या उत्पादन इकाई पुराने अंक के सम होंगे। अंतर, यदि कोई हो, तो 3 प्रतिशत से अधिक न होगा।

(ग) भू–खंड ऐसे क्षेत्र या क्षेत्रों में प्रस्तावित किए जाएंगे जिनमें भूमिस्वामी के अधिकतम पुराने खेत स्थित हैं जिससे उनमें से जितने संभव हों उतने अधिकतम नए खाते में समाविष्ट हो जाएं। तथापि, यह सिद्धांत गांव की आबादी से रसान–जल प्राप्त करने वाले क्षेत्रों के संबंध में शिथिल किया जा सकता है, जिससे संबंधित भूमिस्वामी को यथासंभव उतना ही रसान–जल प्राप्त करने–वाला क्षेत्र जितना पूर्व में था, सुनिश्चित हो जाए।

126. सामुदायिक भूमियों को पृथक् रखा जाना.– (1) आबंटन का कार्य प्रारंभ करने से पूर्व कृषि उपकरणों के आवागमन के लिए रास्ते तथा जल–मार्ग, चरनोई के हेतु भूमि सुरक्षित रखने, आबादी का विस्तार, खलिहान तथा अन्य सार्वजनिक प्रयोजनों तथा सामुदायिक भूमियों, यदि कोई हों, यदि वे दूरी एवं स्वच्छता की दृष्टि से असुविधाजनक स्थिति पर हैं, के स्थानांतरण की वांछनीयता पर आवेदकों एवं समिति के साथ विचार–विमर्श किया जाएगा।

(2) उपनियम (1) में गिनाए गए प्रयोजनों के लिए भूमियां,–

(क) दखलरहित भूमियों में से;
(ख) भूमिस्वामियों से दखलरहित भूमि के विनिमय में उपयुक्त भूमियां प्राप्त कर के; और
(ग) भूमिस्वामियों द्वारा उनके खातों में से दिए गए अंशदान में से;
पृथक् रखी जाएंगी।

127. कर्मचारी एवं समिति के मार्गदर्शन हेतु ज्ञापन.— नियम 124 के अंतर्गत मूल्यांकन निश्चित करने तथा नियम 125 के अंतर्गत आंबटन करने के पहले चकबंदी अधिकारी आवेदकों एवं समिति से परामर्श ले कर ऐसे सामान्य आधारों का निर्णय करेगा जिन पर खातों की चकबंदी प्रारंभ की जाएगी। विशेषतः वह यह विनिश्चित करेगा कि क्या कोई भूमि किन्हीं विशिष्ट कारणों से स्कीम से अलग रखी जाए। तत्पश्चात् वह उन विषयों से संबंधित अपने कर्मचारियों एवं समिति के मार्गदर्शन के लिए एक ज्ञापन तैयार करेगा।

128. चकबंदी की अस्थायी स्कीम की तैयारी.— चकबंदी की अस्थायी स्कीम कर्मचारियों द्वारा समिति के परामर्श से तैयार की जाएगी तथा 1:4000 के अथवा जो उपयुक्त समझा जाए, उस अन्य अनुमाप के मानचित्र द्वारा स्कीम के अनुसार भूमि के पुनर्वितरण को निर्दिष्ट करते हुए तथा प्ररूप–अट्ठाईस में तैयार किए गए अस्थायी चकबंदी के अधिकार–अभिलेख द्वारा निर्देशित की जाएगी।

129. अस्थायी स्कीम पर आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किया जाना तथा उनका निराकरण.— जब अस्थायी स्कीम तैयार हो जाए, तब सभी संबंधित व्यक्तियों को उचित सूचना देने के पश्चात् चकबंदी अधिकारी ग्राम में जाएगा और समिति की उपस्थिति में उन्हें स्कीम, उसके विल्लंगमों के निराकरण के प्रस्तावों के सहित सभी दृष्टियों से समझाएगा। चकबंदी अधिकारी सुझावों एवं आपत्तियों को, जो उपस्थित व्यक्ति देना चाहे, आमंत्रित करेगा और उन पर विचार करने के पश्चात् यथासंभव आपत्तियों का निराकरण करेगा तथा यदि आवश्यक हो तो, स्कीम में परिवर्तन करेगा।

130. खाते के बाजार अथवा उत्पादन मूल्य में परिवर्तन के लिए प्रतिकर.— (1) चकबंदी अधिकारी—

(क) उन सभी भूमिस्वामियों की, जिनके नए खाते या भूमियां उसके मत में उनके मूल खातों या भूमियों की अपेक्षा अधिक बाजार अथवा उत्पादन मूल्य की हैं; और

(ख) उन सभी भूमिस्वामियों की सूची जिनके नए खाते या भूमियां, उनके मत में उनके मूल खातों या भूमियों की अपेक्षा कम बाजार अथवा उत्पादन मूल्य की हैं;

एक सूची बनाएगा।

(2) चकबंदी अधिकारी तत्पश्चात् उपनियम (1) के खंड (क) में वर्णित भूमिस्वामियों द्वारा खंड (ख) में वर्णित भूमिस्वामियों को देय आर्थिक प्रतिकर अनुमानित करेगा तथा धारा 209 की उपधारा (3) में वांछित रीति से उसके दिए जाने का निदेश देगा।

131. प्रतिकर का अवधारण.— विभिन्न खातों और भूमियों का बाजार मूल्य तथा धारा 209 की उप धारा (3) के अंतर्गत देय प्रतिकर यथासंभव समिति के साथ परामर्श कर निश्चित किया जाएगा। यदि यह प्रकिया असफल रहे तो वह यथाशीघ्र भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) के उपबंधों के अनुसार निश्चित किया जाएगा।

132. नए खाते पर विल्लंगमों का अंतरण.— यदि धारा 220 की उपधारा (1) के अधीन चकबंदी अधिकारी यह विचार करता है कि कोई पट्टा, बंधक अथवा कोई अन्य विल्लंगम, जिससे किसी भूमिस्वामी का मूल खाता भारित है, अंतरित कर दिया जाए तथा वह उसके नए खाते के केवल किसी भाग से ही संबद्ध रहे, तो वह ऐसे भाग को नियत करने में निम्नलिखित से मार्गदर्शित होगाः—

(क) मूल खाते के, जो भारित था, तथा नए खाते के उस भाग के, जिस पर कि भार अंतरित एवं संबद्ध किया जाना है, बाजार मूल्य का उचित ध्यान रखा जाना चाहिए; तथा

(ख) उक्त भाग नए खाते में इस प्रकार स्थित होना चाहिए कि वह नये खाते के शेष भाग की अखंडता को प्रतिकूल रूप से प्रभावित न करे तथा अंतिम सीमांकन को असुविधाजनक न बनाए।

133. भूमिस्वामियों द्वारा स्कीम को स्वीकार किया जाना.— सभी भूमिस्वामियों से, जो तैयार की गई अथवा परिवर्तित स्कीग रो राहगत हों, स्कीग पर उनकी राहगति के प्रतीक स्वरूप **प्ररूप—उनतीस** में अपने हस्ताक्षर करने की अपेक्षा की जाएगी। तत्पश्चात् अधिकार—अभिलेख के सारांश **प्ररूप—तीस** में तैयार किए जाएंगे।

134. चकबंदी स्कीम की पुष्टि एवं प्रमाणपत्रों का प्रदान किया जाना.— (1) जब किसी चकबंदी की स्कीम की अंतिम पुष्टि हो जाए, और धारा 211 की उपधारा (1) की अपेक्षाएँ पूर्ण हो जाएं तो चकबंदी अधिकारी **प्ररूप—इकतीस** में उद्घोषणा जारी करते हुए स्कीम की पुष्टि आख्यापित करेगा।

(2) धारा 211 के अधीन अभिज्ञापन जारी करने के तत्काल पश्चात् चकबंदी अधिकारी, नए खाते का अथवा स्कीम के अंतर्गत प्रत्येक भूमिस्वामी को आबंटित भूमि के विवरण सहित प्रमाणपत्र तैयार कराएगा और उनको परिदत्त कराएगा। चकबंदी अधिकारी अधिकार—अभिलेखों को उचित रूप से शुद्ध करने तथा शुद्धियों का यथोचित् रूप से प्रमाणीकरण करने की भी कार्यवाही कराएगा।

135. नए खेतों का सीमांकन.— चकबंदी अधिकारी, यदि आवश्यक हो, भूमिस्वामी को आवंटित नए खेतों की सीमाओं का फसल कट चुकने के पश्चात् तथा स्कीम की पुष्टि के अनुसरण में उसे खाते का कब्जा सौंपे जाने के पूर्व, स्थल पर सीमांकन कराएगा।

136. नए खाते पर विल्लंगमों का रजिस्ट्रीकरण तथा लिखत पर पृष्ठांकन.— (1) प्रत्येक ऐसे मामले में जिसमें कोई पट्टा, बंधक या अन्य विल्लंगम किसी भूमिस्वामी के मूल खाते या भूमि से उसके नए खाते या भूमि पर अथवा उसके किसी भाग पर अंतरित किया गया है, चकबंदी अधिकारी स्कीम की पुष्टि हो जाने पर, वह रीति जिसमें अंतरण किया गया है, वर्णित करते हुए विधिवत् आदेश अभिलिखित करेगा तथा इस प्रकार के आदेश की एक

प्रतिलिपि उस रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की ओर, जिसकी अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं में इस प्रकार का नया खाता अथवा भूमि अथवा उसका कोई भाग स्थित है, उसकी पुस्तक क्रमांक 1 में नस्तित किए जाने के लिए भेजेगा। अंतरण में हित रखने वाला कोई व्यक्ति, आवेदन करने पर, इस प्रकार अभिलिखित आदेश की प्रतिलिपि प्रथम बार निःशुल्क प्राप्त करने का अधिकारी होगा।

(2) यदि पट्टा, बंधक अथवा विल्लंगम की अन्य लिखत उसके समक्ष प्रस्तुत की जाती है, तो चकबंदी अधिकारी उक्त आदेश उस दस्तावेज पर पृष्ठांकित कराएगा।

137. स्कीम के खर्च का निर्धारण.– खातों की चकबंदी की किसी स्कीम को कार्यान्वित करने का खर्च स्कीम से प्रभावित खातों के दखलकृत क्षेत्र पर प्रति हेक्टेयर की एक निश्चित दर से निर्धारित किया जाएगा। यह दर ऐसी होगी जैसी कि राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर नियत की जाए।

138. चकबंदी खर्च का संग्रह.– चकबंदी का खर्च एक या दो किस्तों में, जैसी भी स्थिति हो, भू–राजस्व की माँग के साथ संग्रहीत किया जाएगा।

139. उन निर्धारितियों की सूची तैयार किया जाना, जिनसे स्कीम का खर्च प्राप्त किया जाना है.– (1) स्कीम की पुष्टि के तत्काल पश्चात् चकबंदी में संलग्न कर्मचारी **प्ररूप–बत्तीस** में उन व्यक्तियों की सूची जिनसे चकबंदी का खर्च प्राप्त किया जाना है, तैयार करेंगे। यह सूची वर्णकमानुसार व्यवस्थित होगी। सूची की सभी प्रविष्टियाँ चकबंदी अधिकारी द्वारा जांची जाएंगी तथा उनके सही होने के प्रतीक स्वरूप उसके द्वारा हस्ताक्षरित की जाएंगी।

(2) सूची तीन प्रतियों में तैयार की जाएगी। एक प्रति तहसीलदार को भेजी जाएगी जो उसे इस प्रयोजन के लिए तैयार किए गए रजिस्टर में अंकित कराएगा, दूसरी प्रति पटवारी को वसूली के लिए सौंप दी जाएगी और तीसरी प्रति ग्राम के चकबंदी के कार्य विवरण के साथ नस्तित कर दी जाएगी।

अध्याय–नौ
निरसन तथा व्यावृत्ति

140. निरसन तथा व्यावृत्ति.– (1) निम्नलिखित नियम एतद्द्वारा निरसित किए जाते हैं,–

(क) धारा 165 की उप धारा (4) के उल्लंघन में भूमि के अंतरण के संबंध में धारा 166 के अधीन बनाए गए नियम, अधिसूचना कमांक 196–6477–सात–एन (नियम), दिनांक 6 जनवरी, 1960;

(ख) धारा 170 के अधीन किसी खाते का कब्जा दिलाए जाने संबंधी दावों के निपटारे की प्रकिया के विनियमन के संबंध में बनाए गए नियम अधिसूचना कमांक 197–6477–सात–एन (नियम), दिनांक 6 जनवरी, 1960;

(ग) धारा 170 के अधीन अधिकारों के त्यजन किए जाने के संबंध मे बनाए गए नियम, अधिसूचना कमांक 198–6477–सात–एन (नियम), दिनांक 6 जनवरी, 1960;

(घ) धारा 176 के अधीन किसी परित्यक्त भूमि का कब्जा दिलाए जाने के संबंध में बनाए गए नियम, अधिसूचना कमांक 388–सीआर–532–सात–एन (नियम), दिनांक 11 जनवरी, 1960;

(ङ) धारा 179 के अधीन वृक्षों में के अधिकारों को कय करने के संबंध में बनाए गए नियम, अधिसूचना कमांक 200–6477–सात–एन (नियम), दिनांक 6 जनवरी, 1960;

(च) धारा 204 के अधीन जलोढ़ तथा जल–प्लावन के कारण भू–राजस्व के निर्धारण में वृद्धि या कमी करने के संबंध में बनाए गए नियम, अधिसूचना कमांक 208–6477–सात–एन (नियम), दिनांक 6 जनवरी, 1960;

(छ) धारा 221 के अधीन खातों की चकबंदी के संबंध में बनाए गए नियम, अधिसूचना कमांक 11343–सात–एन (नियम), दिनांक 1 अक्टूबर, 1959;

(ज) धारा 222, 223, 224 तथा 228 के अधीन पटेल की नियुक्ति, पारिश्रमिक, कर्तव्य, हटाया जाना तथा दण्ड के संबंध में बनाए गए नियम, अधिसूचना कमांक 209–6477–सात–एन (नियम), दिनांक 6 जनवरी, 1960;

(झ) धारा 224 के अधीन ग्राम की स्वच्छता के संबंध में बनाए गए नियम, अधिसूचना कमांक 210–6477–सात–एन (नियम), दिनांक 6 जनवरी, 1960;

(ञ) धारा 230 के अधीन कोटवारों की नियुक्ति, दण्ड तथा हटाए जाने के संबंध में नियम, अधिसूचना कमांक 211–6477–सात–एन (नियम), दिनांक 6 जनवरी, 1960;

(ट) धारा 231 के अधीन कोटवारों के पारिश्रमिक के संबंध में बनाए गए नियम, अधिसूचना कमांक 212–6477– सात–एन (नियम), दिनांक 6 जनवरी, 1960;

(ठ) धारा 239 के अधीन दखलरहित भूमि में फलदार वृक्षों के रोपण के संबंध में बनाए गए नियम, अधिसूचना कमांक 216–6477–सात–एन (नियम), दिनांक 6 जनवरी, 1960;

(ड) धारा 240 की उप धारा (1) के अधीन बनाए गए मध्यप्रदेश वृक्षों की कटाई का प्रतिषेध या विनियमन नियम, 2007, अधिसूचना कमांक एफ–2–39–04–सात–शा.6, दिनांक 26 नवम्बर, 2007;

(ढ़) धारा 240 की उप धारा (3) के अधीन वनोत्पादों के नियंत्रण, प्रबंधन, काटकर गिराए जाने या हटाए जाने के संबंध में बनाए गए नियम, अधिसूचना कमांक 5262–3472–सात–एन–एक (नियम), दिनांक 28 सितम्बर, 1964;

(ण) धारा 241 के अधीन प्रकाशित किए जाने वाले आदेश को उद्घोषित करने की रीति बनाने तथा सरकारी वनों से लगे हुए ग्रामों में इमारती लकड़ी की चोरी रोकने के लिए बनाए गए मध्यप्रदेश शासकीय वनों से लगे हुए ग्रामों में इमारती लकड़ी को काटकर गिराने तथा हटाने का विनियमन नियम, 2007 अधिसूचना क्रमांक एफ–2–39–04–सात–शा.–6 दिनांक 26 नवम्बर, 2007;

(त) धारा 248 की उपधारा (2–ए) के अधीन भूमि पर अप्राधिकृत दखल या कब्जा चालू रखने के लिए व्यक्ति को पकड़वाने तथा उसे सिविल कारागार में भेजने के संबंध में बनाए गए नियम, अधिसूचना क्रमांक एफ 6–2–सात–एन–एक दिनांक 13 दिसम्बर, 1976;

(थ) धारा 249 के अधीन मछली पकड़ने या ग्रामों में जीव–जन्तुओं को पकड़ने, उनका आखेट करने या उनको गोली मारने तथा राज्य सरकार की भूमि से किन्हीं पदार्थों को हटाने का विनियमन के संबंध में बनाए गए नियम, अधिसूचना कमांक 221–6477–सात–एन (नियम), दिनांक 6 जनवरी, 1960;

(द) धारा 251 की उपधारा (6) के अधीन राज्य सरकार में वेष्ठित तालाबों से निस्तार तथा सिंचाई के संबंध में बनाए गए नियम, अधिसूचना कमांक 223–6477–सात–एन (नियम), दिनांक 6 जनवरी, 1960;

(ध) धारा 258 की उप धारा (2–ख) के खण्ड (ठ) के अधीन अर्जी–लेखकों को अनुज्ञा देने के संबंध में बनाए गए नियम, अधिसूचना कमांक 367 दिनांक 26 फरवरी, 1960।

(2) ऐसे निरसन से निरसित नियमों के किसी उपबंध के पूर्व अथवा उसके अधीन सम्यकरूप से की गई किसी बात पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और उसका यह प्रभाव होगा मानो वह इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन की गई बात हो।

प्ररूप–एक

(नियम 3 देखिए)

मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (विविध) नियम, 2020

भूमि के त्यजन की सूचना

(मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 173 के अधीन)

सेवा में,

तहसीलदार .....

.....

1. मैं .....पुत्र/पुत्री/पत्नी.....निवासी ग्राम/नगर..... पटवारी हल्का क्रमांक/सेक्टर क्रमांक.....तहसील.....जिला..... एतद्द्वारा सूचना देता हूं कि मेरा आशय निम्न अनुसूची में वर्णित अपने खाते/खाते के भाग.....में अपने अधिकार जो ग्राम/नगर.....पटवारी हल्का क्रमांक/सेक्टर क्रमांक..... .....तहसील.....जिला.....में स्थित है, सरकार के हित में त्याग करने का है।

2. ऊपर विनिर्दिष्ट अधिकार नीचे दी गई अनुसूची में उल्लिखित अधिकारों, धारणों, विल्लंगमों अथवा साम्यों के अध्यधीन है :–

अनुसूची

त्यजन की जाने वाली भूमि का विवरण

खाता क्रमांक	त्यजन की जाने वाली भूमि का सर्वेक्षण संख्यांक/ब्लॉक संख्यांक/भू–खण्ड संख्यांक	क्षेत्रफल (हैक्टेयर) में	भू–राजस्व (रुपयों में)
(1)	(2)	(3)	(4)

अधिकार, धारण, विल्लंगम अथवा साम्य	भू–धृति धारक का नाम/माता/पिता/पति का नाम व पता जिसके हित में वे स्थित हैं	अभ्युक्तियां
(5)	(6)	(7)

दिनांक .....

स्थान

भूमिस्वामी के हस्ताक्षर

नाम और पता.....

मोबाईल नम्बर.....

साक्षियों के नाम और उनके माता/पिता/पति का नाम तथा पता

हस्ताक्षर

1.....

2.....

प्ररूप–दो

(नियम 4 देखिए)

मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (विविध) नियम, 2020

(मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 173 के अधीन)

.....के न्यायालय के समक्ष तहसील.....जिला.....

..... आवेदक प्रकरण कमांक.....

विरूद्ध

मध्यप्रदेश राज्य .....अनावेदक

आदेश

(.....को पारित)

आवेदक भूमिस्वामी.....पुत्र / पुत्री / पत्नी..... निवासी ग्राम / नगर.....तहसील.....जिला.....ने मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 173 के अधीन नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित ग्राम / नगर.....पटवारी हल्का कमांक / सेक्टर क्रमांक .....तहसील..... जिला.....में स्थित उसके खाता कमांक.....या उसके भाग में उसके अधिकारों के त्यजन की सूचना दिनांक.....इस न्यायालय को दी है। सूचना इस न्यायालय को दिनांक .....को प्राप्त हुई।

2. सूचना प्राप्त होने पर मैंने आवश्यक जांच की। .....
(की गई जांचों व निष्कर्षों का विवरण यहां दीजिए) .....

3. उपरोक्त निष्कर्षों के आधार पर मैं एतद्द्वारा उक्त अधिकारों के त्यजन को स्वीकार करता हूँ और यह आदेश देता हूँ कि उक्त भूमि को उक्त अनुसूची में वर्णित अधिकारों, धारणों, विल्लंगमों अथवा साम्यों के अध्यधीन रहते हुए मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (दखलरहित भूमि, आबादी तथा वाजिब–उल–अर्ज) नियम, 2020 के उपबंधों के अनुसार दखलरहित भूमि के रूप में अभिलिखित किया जाए।

4.(दखलरहित भूमि के अभिलेख की प्रविष्टियों को अद्यतन करने के लिए यहां विशेष निदेश दीजिए)

अनुसूची

त्यजन गई भूमि का विवरण

खाता कमांक	त्यजन की जाने वाली भूमि का सर्वेक्षण संख्यांक / ब्लॉक संख्यांक / भू–खण्ड संख्यांक	क्षेत्रफल (हैक्टेयर) में	भू–राजस्व (रुपयों में)
(1)	(2)	(3)	(4)

अधिकार, धारण, विल्लंगम अथवा साम्य	भू–धृति धारक का नाम / माता / पिता / पति का नाम व पता जिसके हित में वे स्थित हैं	अभ्युक्तियां
(5)	(6)	(7)

मुद्रा

तहसीलदार के हस्ताक्षर.....

नाम.....

प्ररूप–तीन

(नियम 12 देखिए)

मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (विविध) नियम, 2020

खेतों का सीमांकन करने के लिए निदेश

(मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 166 की उप धारा (1) के अधीन)

..... के न्यायालय के समक्ष .....

प्रकरण कमांक.....

.....

विरूद्ध

.....

प्रति,

.....पटवारी/नगर सर्वेक्षक,

पटवारी हल्का कमांक/सेक्टर कमांक.....

ग्राम/नगर.....

तहसील.....जिला.....

क्योंकि आपके हल्का/सेक्टर के ग्राम/नगर.....में स्थित नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित सर्वेक्षण संख्यांकों का मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 166 की उप धारा (1) के अधीन समपहृत किए जाने के लिए चयन किया गया है;

एतद्द्वारा आपको अंतरिती .....पुत्र/पुत्री/पत्नी.....निवासी.....तहसील.....जिला.....को, उस दिन या उन दिनांकों की, जब आप उनका सीमांकन करेंगे, पूर्व सूचना देने के पश्चात् इस आदेश के प्राप्त होने के एक मास के भीतर उक्त सर्वेक्षण संख्यांकों का स्थल पर जाकर सीमांकन करने का आदेश दिया जाता है।

इस आदेश का पालन करने के पश्चात् आप उसका पालन प्रतिवेदन देंगे।

अनुसूची

सरल क्रमांक	सर्वेक्षण संख्यांक	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)
(1)	(2)	(3)
योग		

मुद्रा

दिनांक .....

उपखंड अधिकारी

.....

प्ररूप–चार

(नियम 15 देखिए)

मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (विविध) नियम, 2020
अंतरिती एवं अंतरक को सूचना
(मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 170 की उप धारा (1) के अधीन

..... के न्यायालय के समक्ष .....

प्रकरण कमांक.....

.....

विरूद्ध

.....

प्रति,

.....(नाम)
माता/पिता/पति का नाम.....
निवासी तहसील.....जिला.....

क्योंकि ..... पुत्र/पुत्री/पत्नी..... निवासी..... तहसील.....जिला.....ने ग्राम/नगर.....पटवारी हल्का कमांक/सेक्टर क्रमांक .....तहसील.....जिला.....में स्थित नीचे अनुसूची में वर्णित भूमि के संबंध में..... पुत्र/पुत्री/पत्नी..... निवासी.....तहसील.....जिला द्वारा किए गए अंतरण को अपास्त करने तथा उक्त भूमि का कब्जा उसे दिलाए जाने के लिए मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 170 की उप धारा (1) के अधीन आवेदन किया है, आपको एतद्द्वारा दिनांक .....सन 20..... को स्वयं अथवा विधि व्यवसायी या मान्यताप्राप्त प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर यह कारण बताने के लिए आहूत किया जाता है कि उक्त अंतरण को क्यों न अपास्त कर दिया जाए।

अनुसूची

खाता क्र.	सर्वेक्षण संख्यांक/ब्लॉक संख्यांक/भू–खण्ड संख्यांक	क्षेत्रफल (हैक्टेयर में)	भू–राजस्व (रुपयों में)	अधिकार
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)

मुद्रा

दिनांक .....

उपखंड अधिकारी

.....

प्ररूप–पांच

(नियम 17 देखिए)

मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (विविध) नियम, 2020

दावेदारों तथा लेनदारों को सूचना

(मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 170 की उप धारा (1) के अधीन)

..... के न्यायालय के समक्ष .....

प्रकरण कमांक.....

.....

विरूद्ध

.....

प्रति,

.....(नाम)

माता / पिता / पति का नाम.....

निवासी तहसील.....जिला.....

क्योंकि.....पुत्र / पुत्री / पत्नी.....निवासी.....तहसील.....जिला.....ने ग्राम / नगर.....पटवारी हल्का कमांक / सेक्टर क्रमांक .....तहसील.....जिला.....में स्थित नीचे अनुसूची में वर्णित भूमि के संबंध में.....पुत्र / पुत्री / पत्नी.....निवासी.....तहसील.....जिला..... द्वारा किए गए अंतरण को अपास्त करने तथा उक्त भूमि का कब्जा उसे दिलाए जाने के लिए मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 170 की उप धारा (1) के अधीन आवेदन किया है, आपको एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आप दिनांक ..... 20.....को या तो स्वयं अथवा विधि व्यवसायी या मान्यताप्राप्त प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित हों तथा उपरोक्त वर्णित प्रकरण में,

(*यदि सूचना दावेदारों को है*) विवादग्रस्त खातों का कब्जा प्राप्त करने के लिए अपने दावों को, यदि कोई हों,

(*यदि सूचना लेनदारों को है*) किन्हीं देयों के संबंध में जो खाते पर भार निर्मित करते हों, अपने दावों को,

प्रस्तुत करें।

आपके उपस्थित न हो पाने अथवा दावों को प्रस्तुत न कर पाने की दशा में यह अनुमान किया जाएगा कि उक्त भूमि के संबंध में आपका कोई दावा नहीं है।

अनुसूची

खाता क्र.	सर्वेक्षण संख्यांक / ब्लॉक संख्यांक / भू–खण्ड	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	भू–राजस्व (रुपयों में)	अधिकार
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)

मुद्रा

दिनांक .....

उपखंड अधिकारी

.....

प्ररूप–छह

(नियम 17 देखिए)

मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (विविध) नियम, 2020

उद्घोषणा

(मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 170 की उप धारा (1) के अधीन)

..... के न्यायालय के समक्ष .....

प्रकरण कमांक.....

.....

विरूद्ध

.....

क्योंकि ..... पुत्र/पुत्री/पत्नी..... निवासी ..... तहसील .....जिला ..... ने ग्राम/नगर ..... पटवारी हल्का कमांक/सेक्टर क्रमांक..... तहसील.....जिला.....में स्थित नीचे अनुसूची में वर्णित भूमि के संबंध में ..... पुत्र/पुत्री/पत्नी.....निवासी..... तहसील.....जिला.....द्वारा मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता की धारा 170 की उप धारा (1) के अधीन अंतरण में अपास्त किये जाने तथा स्वयं को उक्त भूमि का कब्जा दिये जाने का आवेदन किया है।

और क्योंकि यह पाया गया है कि उक्त अंतरण संहिता की धारा 165 की उपधारा (4)/उपधारा (6) के उपबंधों के अनुसार नहीं था;

अतः उन समस्त व्यक्तियों को जो अंतरक के वारिस होने का दावा कर सकते हों/उन समस्त लेनदारों को जिनका उक्त अंतरक उसे दिए गए ऋणों के लिए जो उक्त भूमि पर भार निर्माण करते हों, ऋणी हों तथा उन समस्त व्यक्तियों को, जो सुने जाने के इच्छुक हों, एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे या तो स्वयं या किसी विधि व्यवसायी अथवा मान्यताप्राप्त प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक ..... को.....बजे..... पर उपस्थित हों और अपने दावे प्रस्तुत करें।

ऊपर वर्णित दिनांक एवं स्थान पर इस प्रकार उपस्थित न हो पाने तथा दावा प्रस्तुत न कर पाने की दशा में किसी दावे अथवा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

अनुसूची

खाता क्रमांक	सर्वेक्षण संख्यांक/ब्लॉक संख्यांक/भू–खण्ड संख्यांक	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	भू–राजस्व (रुपयों में)	अधिकार
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)

मुद्रा

दिनांक .....

उपखंड अधिकारी

.....

प्ररूप–सात

(नियम 19 देखिए)

मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (विविध) नियम, 2020

भू–राजस्व के बकाया अथवा भूमि पर भार का निर्माण करने वाले अन्य देयों का विवरण

(मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 170 की उप धारा (2) के अधीन)

..... के न्यायालय के समक्ष .....

प्रकरण कमांक.....

.....

विरूद्ध

.....

प्रति,

..... (नाम)

माता / पिता / पति का नाम.....

निवासी .....

तहसील.....जिला.....

ग्राम / नगर का नाम	सर्वेक्षण संख्यांक / ब्लॉक संख्यांक / भू–खण्ड संख्यांक	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	निर्धारण (रुपयों में)
(1)	(2)	(3)	(4)

भू– राजस्व के बकाया की राशि (रुपयों में)	भूमि पर भारित अन्य ऋणों का विवरण	योग (रुपयों में) 5+6
(5)	(6)	(7)

मुद्रा

दिनांक .....

उपखंड अधिकारी के हस्ताक्षर

.....

प्ररूप–आठ

(नियम 19 देखिए)

मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (विविध) नियम, 2020

भू–राजस्व के बकाया तथा खातों पर भार का निर्माण करने वाले अन्य देयों के दायित्व को स्वीकार करने के संबंध में आवेदक का कथन

(मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 170 की उप धारा (2) के अधीन)

..... के न्यायालय के समक्ष .....

प्रकरण कमांक.....

.....

विरूद्ध

.....

क्योंकि उपरोक्त वर्णित प्रकरण में यह अभिनिर्धारित हुआ है कि नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (2) से (1) तक में वर्णित भूमि मेरे कब्जे में दी जाए,

मैं..... पुत्र/पुत्री/पत्नी.....निवासी.....

तहसील ..... जिला ..... एतद्द्वारा उक्त अनुसूची के कॉलम (5) से (7) तक में विनिर्दिष्ट देयों का भुगतान करने के लिए सहमत हूं।

अनुसूची

ग्राम/नगर का नाम	सर्वेक्षण संख्यांक/ब्लॉक संख्यांक/भू–खण्ड संख्यांक	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	निर्धारण (रुपयों में)
(1)	(2)	(3)	(4)

भू– राजस्व के बकाया की राशि (रुपयों में)	भूमि पर भारित अन्य ऋणों का विवरण	योग (रुपयों में) (5)+(6)
(5)	(6)	(7)

(दावेदार के हस्ताक्षर)

दिनांक .....

उपखंड अधिकारी के हस्ताक्षर

.....

प्ररूप–नौ

(नियम 25 देखिए)

आवेदक का पासपोर्ट साइज का फोटो

मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (विविध) नियम, 2020
अर्जी–लेखक की अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन

(मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 258 की उपधारा (2–ख) के खण्ड (ठ) के अधीन)

1. आवेदक का नाम (पूरा नाम दीजिए)	
2. माता/पिता/पति का नाम	
3. जन्म का दिनांक	
4. पता (मोबाइल फोन नं. तथा ई–मेल एड्रेस सहित)	
5. शैक्षणिक योग्यता– अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष तथा उस संस्था का नाम बताइये जहां से परीक्षा उत्तीर्ण की हो	
6. वर्तमान आजीविका, यदि कोई हो	
7. क्या आवेदन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अथवा अन्य पिछड़े वर्ग का है ?	
8. वह भाषा अथवा वे भाषाएं जिन्हें आवेदक जानता है।	
9. उन दो व्यक्तियों के नाम उनके पते सहित जिनसे आवेदक के चरित्र के बारे में पूछा जा सके	
10. क्या सरकार की सेवा से हटाया गया है? यदि ऐसा है तो विवरण दीजिए	
11. क्या किसी दाण्डिक अपराध के लिए दोषसिद्ध हुआ है? यदि ऐसा है तो विवरण दीजिए	
12. क्या अनुज्ञप्ति के लिए जिले में पूर्व में कभी आवेदन किया है? यदि ऐसा है तो, क्या परिणाम हुए	

स्थान.....

दिनांक.....

आवेदक के हस्ताक्षर

संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज–

1. पहचान का प्रमाण–(निम्नलिखित में से किसी भी एक दस्तावेज की स्व–प्रमाणित प्रति अर्थात्– मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लायसेंस, आधार कार्ड, पासपोर्ट, बैंक पासबुक का प्रथम पृष्ठ अथवा किसी राजपत्रित शासकीय अधिकारी द्वारा जारी फोटो पहचान पत्र)

2. शैक्षणिक योग्यताओं की स्वप्रमाणित प्रति

3. अर्जी–लेखक के कार्य से सुसंगत ज्ञान, कौशल अथवा अनुभव (उदाहरणार्थ कम्प्यूटर में दक्षता, विधि व्यवसायी के साथ कार्य करने का अनुभव) के समर्थन में किसी अन्य प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित प्रति।

प्ररूप–दस

(नियम 27 देखिए)

मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (विविध) नियम, 2020

(मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 258 की उपधारा (2–ख) के खण्ड (ठ) के अधीन)

कार्यालय कलक्टर .....

अनुज्ञप्ति

राजस्व अर्जी–लेखक

रजिस्ट्रीकरण क्रमांक ..... दिनांक.....

प्रमाणित किया जाता है कि ..... पुत्र/पुत्री/पत्नि ..... निवासी.....को आज के दिन .....जिले के राजस्व अर्जी–लेखक के रूप में अनुज्ञापित किया गया है तथा ..... (कारवार के स्थान का नाम) पर मध्यप्रदेश में ऐसे अर्जी–लेखक से संबंधित नियमों द्वारा विहित की गई रीति में तथा उक्त नियमों के उपबंधों के अधीन रहते हुए व्यवसाय करने की एतद्द्वारा अनुज्ञा दी गई है।

अनुज्ञप्ति.....तक मान्य रहेगी।

अनुज्ञप्ति की कालावधि ..... तक बढ़ाई गई।

अनुज्ञप्ति स्थायी रूप से प्रदान की गई .....।

आज दिनांक .....20.....को स्थान ..... पर मेरे हस्ताक्षर और इस कार्यालय की मुद्रा के अधीन दी गई।

मुद्रा

अनुज्ञापन प्राधिकारी/कलक्टर

प्ररूप–ग्यारह

(नियम 30 देखिए)

मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (विविध) नियम, 2020
अनुज्ञापित राजस्व अर्जी–लेखकों का रजिस्टर

(मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 258 की उपधारा (2–ख) के खण्ड (ठ) के अधीन बने नियम)

(टिप्पणी – प्रत्येक अर्जी–लेखक के हेतु एक या अधिक पृष्ठ पृथक रखे जाए)

रजिस्ट्रीकरण क्रमांक	अर्जी–लेखकों का नाम	माता/पिता/पति का नाम	निवास स्थान तथा मोबाईल/फोन नंबर तथा ईमेल एड्रेस	कारोबार का स्थान	अनुज्ञप्ति प्रदान किए जाने का दिनांक	स्थायी अनुज्ञप्ति प्रदान किए जाने का दिनांक	'अभियुक्तियां
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)

'**टीप** – अभियुक्तियां के स्थान में नियम 40 के अधीन पारित किए गए किसी भी आदेश की टिप्पणी प्रविष्ट की जाएगी।

प्ररूप–बारह

(नियम 31 देखिए)

मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (विविध) नियम, 2020

अर्जी–लेखक द्वारा रखा जाने–वाला रजिस्टर

(मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 258 की उपधारा (2–ख) के खण्ड (ठ) के अधीन)

अर्जी का सरल कमांक	दिनांक जिसको अर्जी तैयार की गई	उस व्यक्ति का नाम, माता/पिता/पति का नाम और निवास जिसके कहने पर अर्जी लिखी गई	अर्जी का संक्षिप्त वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)

अर्जी पर चस्पा की गई न्यायालय–फीस का मूल्य	अर्जी–लेखने हेतु प्रभारित शुल्क	अभ्युक्तियां	अर्जीदार के हस्ताक्षर
(5)	(6)	(7)	(8)

प्ररूप–तेरह

(नियम 44 देखिए)

मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (विविध) नियम, 2020

प्रतिभूति बंधपत्र

(मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 222 (1) के अधीन)

समस्त व्यक्तियों को इस लेख द्वारा अवगत हो कि हम (1) श्री..... पुत्र.....जिला.....की तहसील.....के.....निवासी (यहां आगे 'मुख्य' कथित) तथा (2) श्री.....पुत्र.....जिला..... की तहसील ..... के निवासी (यहां आगे प्रतिभू कथित) मध्यप्रदेश के राज्यपाल (यहां आगे 'राज्यपाल' कथित) को उसके या उनके न्यायवादी या उनके न्यायवादियों को यहां आगे निर्दिष्ट रीति से भुगतान–कारणीय रुपये 5000/– (रुपये पांच हजार केवल) की राशि में गृहीत एवं दृढ़तापूर्वक बद्ध है। जिस भुगतान के अच्छे एवं यथार्थ रूप से किए जाने के हेतु हम स्वयं को अपने दायादों, निष्पादकों, प्रबंधकों एवं प्रतिनिधियों को संयुक्त रूप से एवं पृथक्–पृथक् आज दिनांक .....20.....को हमारे द्वारा हस्ताक्षरित इस लेख द्वारा दृढ़तापूर्वक बद्ध करते हैं।

क्योंकि उपर्युक्त बद्ध मुख्य का जिला.....की तहसील..... में.....के पटेल के पद पर नियुक्ति के हेतु चयन किया गया है तथा क्योंकि उक्त नियुक्ति के पूर्वगामी प्रतिबंध के रूप में उक्त मुख्य से मध्य प्रदेश भू–राजस्व संहिता (विविध) नियम, 2020 के नियम 44 के अधीन एक प्रतिभू के साथ प्रतिभूति देना अपेक्षित है;

और क्योंकि उक्त पद के अधीन उक्त मुख्य के अन्य कर्तव्यों में, उन समस्त धनों, कागदों और जिस किसी भी रूप की अन्य संपत्ति, जो उसे उक्त पद के सामर्थ्य से प्राप्त हो या उसे सौंपी जाए, के सुरक्षण के हेतु, सावधानी प्रभार एवं उत्तरदायित्व सम्मिलित है तथा वह उक्त धनों, कागदों एवं अन्य संपत्ति के सत्य एवं यथार्थ लेखे रहने के लिए बद्ध है;

और क्योंकि हम, उक्त मुख्य और प्रतिभू, उक्त पद के कर्तव्यों और उससे संबद्ध अन्य कर्तव्यों या जो उससे विधिसंगत रूप से अपेक्षित हों; के उक्त मुख्य द्वारा उचित क्रियान्वयन एव पूर्ति के तथा राज्यपाल की उन समस्त हानियों एवं क्षतियों के विरूद्ध सुरक्षा के हेतु जो उन्हें मुख्य के किसी भी कृत्य, उपेक्षा या अवहेलना के कारण पहुंचे, नामतः उक्त धन, कागद एवं संपत्ति या उसका कोई भी भाग उक्त मुख्य द्वारा

बेईमानीपूर्वक उपेक्षापूर्वक या अन्यथा, नष्ट, अपहन्त या अपव्यय हो जाने के कारण प्रतिबंधित रुपये 5000/– (रुपये पांच हजार केवल) की शास्तिस्वरूप के ऐसे बंधपत्र में प्रविष्ट हुए हैं।

हम अतएव, अंगीकार करते हैं कि पटेल के उक्त पद को धारण करते हुए उक्त पद के अपने कर्तव्यों को कियान्वयन के क्रम में मुख्य अपनी अवहेलना, असावधानी या जिस किसी भी अन्य रीति से राज्य सरकार को कोई भी हानि, आघात या क्षति प्रत्यक्ष रूप से या अप्रत्यक्ष रूप से पहुंचाता है; हम संयुक्त रूप से और पृथक–पृथक ऐसी किसी भी रूप की हानि, आघात या क्षति की पूर्ति करेंगे:

परंतु संदैव प्रतिबंध यह है तथा यह एतद्द्वारा अंगीकृत एवं घोषित किया जाता है कि प्रतिभू को अपने प्रतिभूत्व को समाप्त करने की, ऐसा करने का अभिप्राय कलक्टर को छह कलेंडर मासों की लिखित पूर्व–सूचना दिए जाने के अतिरिक्त छूट नहीं होगी;

और यह एतद्द्वारा राज्यपाल का विनिश्चय इस बारे में कि क्या कोई हानि, आघात, क्षति आदि पंहुची है या उठाई गई है तथा उसकी धनराशि के बारे में अंतिम होगा और मुख्य एवं प्रतिभू को बद्धकारक होगा;

और यह एतद्द्वारा अंनतर अंगीकृत एवं घोषित किया जाता है कि इस बंधपत्र के अधीन राज्यपाल को देय होने–वाले समस्त धन मुख्य एवं प्रतिभू से संयुक्त रूप से एवं पृथक–पृथक भू–राजस्व के अवशेष की रीति से वसूली योग्य होंगे।

उसके साक्ष्य में हमने आज दिनांक.....20..... का यहां नीचे हस्ताक्षर किए हैं।

साक्षीगण.....

1.....

2.....

मुख्य के हस्ताक्षर

.....

प्रतिभू के हस्ताक्षर

.....

प्ररूप–चौदह

(नियम 45 देखिए)

मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (विविध) नियम, 2020

करार

(मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 222 (1) के अधीन)

मैं.....पुत्र/पुत्री/पत्नि .....का वर्तमान निवासी जो मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 (1959 का क्र. 20) की धारा 222 (1) के अधीन बने नियमों के अनुसार ..... का पटेल नियुक्त हुआ हूं, ग्रामीणों को संतुष्ट रखने, ग्राम की कृषि के विस्तार एवं सुधार के हेतु अपना अधिकतम प्रयास लगाने, भू–राजस्व कर, चुंगी एवं देयों को एकत्रत करने तथा प्रतिफल में राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर विहित की गई दरों से पारिश्रमिक प्राप्त करने को बद्ध होता हूं।

2. मैं ग्राम के प्रबंध के हेतु राज्य सरकार द्वारा सगय–समय पर विहित समस्त नियमों का पालन करूंगा तथा अपने कर्तव्यों का दक्षतापूर्वक निर्वाह करूंगा। मै स्वयं को निम्नलिखित प्रतिबंधों से बद्ध अभिस्वीकृति करता हूं :–

